वैशाख, शुक्ल पक्ष 3, वर्ष-10, अंक 114, पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये
प्रयागराज, शुक्रवार 19 जुलाई, 2024
TM
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष मे प्रसारित
Adhunik Samachar
नगर संस्करण
10 वर्ष विश्वास के


# आई.टी.आई में सीधे प्रवेश

# NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

कौशलं बलम्

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन




नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन भारत सरकार द्वार मान्यता प्राप्त नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद प्रवेश कार्यालय का सिविल डिफेंस प्रयागराज के मंडल अधिकारी रौनक गुप्ता के द्वार किया गया प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने बताया कि प्रयागराज में न्यूनतम शुल्क मुझे प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। यहां इंडस्ट्रियल विजिट सेमिनार, ग्रुप डिस्कशन, आदि कराया जाता है जिसे प्रशिक्षणार्थियो का सर्वागिन विकास होता है. केंद्र गुणवत्ता परिषद द्वारा स्टार ग्रेडिंग प्राप्त है. केंद्र के कंप्यूटर शिक्षक रोहित शुक्ल ने बताया कि सरकार द्वार छात्रवृत्ति एवं टैबलेट की सुविधा उपलब्ध है प्रशिक्षणार्थियो को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है. मुख्य अतिथि ने नवीन प्रवेशार्थियो का स्वागत एवं उज्जवल भविष्य की कामना की अंतरराष्ट्रीय स्तर का है प्रयागराज नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण के द्र-रौनक गुप्ता.इस अवसर पर निरीक्षक विजय पांडे, रोहित शुक्ला, सचिन श्रीवास्तव, मोहम्मद कौसर, प्रदीप जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहें।



## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र.के छात्र रेलवे में चयनित



नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के चार छात्रों का सिकंदराबाद में रेलवे में चयनित होने पर संस्थान परिवार ने बधाई दी है। प्रयागराज करछना तहसील के नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के चार छात्रों का रेलवे के धारा रेल प्रोजेक्ट सिकंदराबाद में चयन होने से विद्यालय प्रबंधतंत्र द्वारा छात्र का सम्मान एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने इन छात्रों का समारोहपूर्वक अभिनंदन एवं सम्मान करते हुये कहा कि यह विद्यालय के लिये गौरव की बात है।संस्थान के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखें और अपने भविष्य को उज्वल एवं सफल बनावें। उन्होंने भविष्य में और मेहनत व लगन से अध्यापन व अध्ययन करने हेतु शिक्षकों और छात्रों का आह्वान किया। इस अवसर पर केक काटकर केंद्र का स्थापना दिवस भी मनाया गया।

## Admission Open 2024-25



**श्री सत्यदेव दुबे (प्रधानाचार्य)**
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भदोही



**श्री सुजीत श्रीवास्तव (प्रधानाचार्य )**
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी, प्रयागराज



**इं. अर्चना सरोज ( ट्रेनिंग एवं पलेसमेन्ट, अधिकारी**
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खागा, फतेहपुर

- ★ C.O.P.A.
- ★ Fitter
- ★ Computer Teacher Training
- ★ Electrician
- ★ Fire Safety & Industrial Security
- ★ Repair of Refrigerator & A.C.
- ★ Welding Technology
- ★ Certificate in YOGA
- ★ Security Service
- ★ Computer Hardware& Maintenance


## Naini ITC Honored by U.P. State Industrial Association

*JEEVAN EXPRESS NEWS*

PRAYAGRAJ: A seminar was organized by Uttar Pradesh State Industrial Association on Friday. In which Naini Industrial Training Center was honored with a citation by the association's president Arvind Rai for providing high quality skilled workers. Mohammad Kausar received the honor from the Centre. On this occasion, all the entrepreneurs of Prayagraj including Arinnd Rai Sheetal Plastics, Anat Chandra Ventura Private Limited, BLKHN Engineering Works, S Shukla, Overseas Food Agro Private Limited, union officials and all the industrialists were present.



**Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480**



## प्रदेश आस/पास



# प्रयागराज यमुना पार नैनी क्षेत्र

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज डीसीपी यमुनानगर श्रीमान श्रद्धा नरेन्द्र



पाण्डेय जी के निर्देशन थाना नैनी कमिशन्रेट पुलिस के द्वारा मुहर्रमञ्जुलूस सकुशल संपनन् कराया गया आपको बता दे की जुलूस के दौरान थाना नैनी पुलिस फोर्स ताजिया उठाने के स्थल से लेकर कर्बला तक चप्पे चप्पे पर पुलिस फोर्स तैनात रही इस दौरान एसीपी करछना श्री संजय कुमार सिंह जी एवं थाना नैनी प्रभारी श्री यशपाल सिंह क्षेत्र में भ्रमण करते रहे इस मौके समस्त चौथी प्रभारी व पुलिस बल के साथ नैनी थाने की नियुक्ति की हुई विशेष पुलिस अधिकारी के प्रभारी एवं संचालक आशीष जायसवाल अपनी टीम के सदस्यों के साथ मोहर्रम के जुलूस में शांति सुरक्षा व्यवस्था में लग रहे।

# बोर्ड की बैठक में करोड़ों के विकास कार्यों पर लगी मुहर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** सदर ब्लाक सभागार में मंगलवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक आहट की गई बैठक की अध्यक्षता कर रहे सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत द्वारा हुई। बैठक में जिला कृषि अधिकारी डॉ हरिकृष्ण मिश्रा पीड़ी राम शिरोमणि मौर्य ,डीसी अधिकारी व जिला विकास अधिकारी द्वारा पंचायत वित्त 15वां वित्त हेतु किया गया बैठक में 4 करोड़ के बजट विकास कार्यों को करने हेतु पास किया गया। सभा को संबोधित करते हुए सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने बताया कि सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाने हेतु




मनरेगा रविन्द्र वीर यादव ,एडिओसीओ नरमा प्रशाद चिकित्सा अधिकारी द्वारा वोट के बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया गया। वहीं उपस्थित अधिकारी द्वारा अपने विकास से संबंधित जानकारी दी गई बैठक में मुख्य रूप से विद्युत विभाग एवं जल निगम के किसी अधिकारी की उपस्थिति ना होने पर उपस्थित सदस्यों द्वारा विरोध जताया गया। बैठक का संचालन कर रहे शेषनाथ चौहान खंड विकास प्रधान एवं बीटीसी द्वारा अपने क्षेत्र में विकास कार्यों की लिस्ट बनाकर अवगत कारण और विकास कार्य को धरातल तक पहुंचाएं जिससे कि हर गांव हर एक तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके वहीं पूरे सदन का आभार प्रकट किया गया इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य पवन शुक्ला, मंगल सिंह ,जिलाजीत यादव , एवं प्रधान संघ अध्यक्ष सुरेश शुक्ला, निशांत सिंह, रुचि पांडेय, अर्चना ,अनूप तिवारी ,भारती आदि लोग मौजूद रहे।

# मां गायत्री समूह संस्थानो के चेयरपर्सन को मिला सम्मान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नैनी/प्रयागराज।** रविवार को सुबह भारती हैबिटेट सेंटर, दिल्ली में




आयोजित एक भव्य समारोह में , मां गायत्री समूह संस्थाओं के चेयरपर्सन और अध्यक्ष श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव को संयुक्त राज्य अमेरिका के मैरीलैंड विश्वविद्यालय के कार्यकारी और प्रतिनिधियों द्वारा मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गाया। श्री अनिल श्रीवास्तव जी को शिक्षा जगत में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया जो उनकी 29 वर्षों से अधिक की अटूट प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत को मान्यता देता है। उनके नेतृत्व में मां गायत्री समूह संस्थाओं को उत्कृष्टता का प्रतीक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई है, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं और शैक्षणिक विकास को प्रोत्साहित कर रहे हैं। यह। प्रतिष्ठित सम्मान श्री अनिल श्रीवास्तव जी की महत्वपूर्ण उपलब्धियां और भारत में शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए उनकी स्थाई प्रतिबद्धता का प्रमाण है। समारोह में गर्व और उत्सव का माहौल था जब श्री अनिल श्रीवास्तव जी ने मैरीलैंड विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों द्वारा उपाधि ग्रहण की।

# मांगों को लेकर लेखपाल संघ का धरना प्रदर्शन जारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के बैनर तले मंगलवार को भी कर बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन पर बैठे लेखपाल अपनी नवसुत्री मांगों को लेकर बुलंद की आवाज मांगे पूरी न होने तक धरना प्रदर्शन जारी रखने का दी चेतावनी। जिला अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि 11 जुलाई दोपहर बाद दिनों संजय सिंह लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक अमरनाथ पाठक के ऊपर सरकारी कार्य से वापस आते समय रामगढ़ बाजार में जिला सरकारी बैंक के पास बीच सड़क पर क्षेत्रीय लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक पर जानलेवा हमला वह मारपीट की गई क्षेत्रीय जनता द्वारा बीच बचाव किया गया और मारपीट के बाद सरकारी अभिलेख भी फाड़ दिए गए इसके बाद दोनों कर्मचारी संबंधित थाना पन्नूगंज गए और वहां पर बहुत प्रयाश के बाद हल्की धाराओं में प्राथमिक दर्ज कर ली गई इसके बाद संपूर्ण प्रकरण की जानकारी उप जिलाधिकारी सदर को बताई गई एवं उनके कार्यालय में उपस्थित होकर अभियुक्तों की गिरफ्तारी का ज्ञापन भी दिया गया इसके पश्चात उप जिलाधिकारी द्वारा किसी प्रकार की पहल न करते अपराधी के पक्ष में जमानत दे दी गई जिससे उपस्थित लेखपाल संघ के पदाधिकारी एवं समस्त असुरक्षित एवं असहज महसूस किए एवं लेखपाल स्थितियों में बहुत आक्रोश



व्याप्त हुआ वहीं अभियुक्त की गिरफ्तारी पुंन्ह होने तक आमरण कर कार्य बहिष्कार का निणय लिया गया एवं मांगों को लेकर आवाज बुलंद की गई श्री अध्यक्ष ने बताया कि अपराधी की गिरफ्तारी कराई जाए प्राथमिक सूचना रिपोर्ट की जांच में जानलेवा हमला करने की धारा बढ़ाई जाए विवेचन की कर प्रणाली संदिग्ध होने के कारण किसी अन्य विवेचन से विवेचना कराई जाए। क्षेत्र में पदीय दायित्वों के निर्वहन संपादन करने में पुलिस की सुरक्षा प्रदान कराई जाए जीरो ट्रांजैक्शन नीति के तहत कार्यालय में लगे सभी प्राइवेट कर्मचारियों को तत्काल हटाया जाए महिला शौचालय की व्यवस्था कराई जाए कृषि गणना 2015-16 का मानदेय दिलाया जाए स्थानांतारित लेखपालों का आय जाति निवास का मानदेय दिलाया जाए तहसील परिसर में पानी पीने की व्यवस्था कराई जाए अन्य अपनी मांगों को लेकर लेखपाल संघ ने किया बुलंद आवाज।इस मौके पर ज्योति कुमार गुप्ता, ब्रिज बिहारी मौर्य, अमरनाथ पाठक, संतोष कुमार, घनश्याम वर्मा ,अनिल कुमार श्रीवास्तव, सुरेश दुबे, चंद्रकांत दुबे सहित आदिलोक मौजूद रहे।

# शिक्षको की डिजिटल हाजिरी भी सरकार का ऐसा कदम अपनी कमियों को छुपाना है बहन कु0 मायावती जी


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में जिला स्तरीय बैठक में मा0 बहन कुमारी मायावती जी है शिक्षकों की सही और समुचित संख्या में भर्ती के साथ ही बुनियादी सुविधाओं का विकास ताकि अच्छी गुणवत्ता वाली पढ़ाई सुनिश्चित हो बसपा ने कहा की सभी लोगो को मिलकर बसपा की सरकार बनानी होगी । केवल बहन कु 0 मायावती जी ही सबके हक हुकूक की बात



राष्ट्रीय अध्यक्ष बसपा पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश पूर्व सांसद राज्यसभा द्वारा किए गए ट्वीट के बारे में बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष बी0 सागर ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में जरूरी बुनियादी सुविधाओं का पूरा घोर अभाव होने के कारण वहां बदहाली की शिकायतें आम रही हैं जिस पर समुचित बजटीय प्रावधान करके पुनः गंभीर समस्याओं का उचित हल करने की बजाय सरकार उसे पर ध्यान बांटने के लिए क्यों दिखावटी कार्य कर रही है ।यह क्या उचित है गुड्डू राम चमार जी सेक्टर इंचार्ज ने भी ट्वीट के बारे में कहा की शिक्षकों की डिजिटल हाजिरी भी सरकार का ऐसा ही नया कदम लगता है ।जो जल्दबाजी में बिना पूरी तैयारी के ही थोप दिया गया है। इससे कहीं ज्यादा जरूरी सके। डा0 ओपी मौर्या जी सेक्टर इंचार्ज ने कहा की अगर बसपा की सरकार होती तो इस तरह की की कार्य नही करती कारण की मा0 बहन कु0 मायावती जी हर उस फैसले से परहेज करती हैं जो शिक्षको के हित में न हो। अविनाश शुक्ला जी जिला उपाध्यक्ष बसपा एवं पूर्व बसपा प्रत्याशी ने कहा की बसपा चार बार का शासन काले सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के तहत ही कार्य किया । पनन लाल जी जिला प्रभारी ने कहा की बसपा की सरकार ने हर तबके के दुख दर्द को समझकर काम किया । कमलेश गोंड ने जिला प्रभारी ने कहा की आज पूरे प्रदेश के शिक्षको की काफी कमी है । जिस पर भर्ती के लिए कोई ध्यान नहीं दिया गया। इस दौरान अन्य वक्ताओं में डा 0राम अवतार चौहान जी जिला महासचिव करती हैं एवं करके दिखाती हैं। रामविचार गौतम जी सेक्टर इंचार्ज ने कहा की बसपा के चार बार के शासन काल में हर क्षेत्र में युद्ध स्तर पर काम हुआ तथा शिक्षा के क्षेत्र में भी काम हुआ।इस बैठक में उमेश कुशवाहा जी जिला कोषाध्यक्ष बसपा, , अमन मौर्या जी , पवन कुमार जी प्रीतम गिरी पूर्व जिला पंचायत सदस्य ,अनीश भारती जी, भगवान दास भारती , रामलखन देहाती जी , देवी शरण भारती जी , संजय गोंड जी प्रभारी दुद्धी ,कृष्ण कुमार गिरी उर्फ टाम बाबा, संजय कनौजिया ,वीरेंद्र एडवोकेट, जमुना कुमार चौधरी जी,राजकुमार वर्मा छोटेलाल जी , मुनन लाल भारती , प्रभारी ,मनोज कुशवाहा जी जिला प्रभारी संजय ठाकुर सदा सुभाष राव अंबेडकर राकेश रोशन फूल मोहम्मद, प्रेम नाथ गौतम जी अली हैदर आदि लोग रहे।

# देविका गोल्ड होम्स में वेतन ना मिलने से सफाई कर्मी फिर हड़ताल पर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** वेस्ट स्थित देविका गोल्ड होम सोसाइटी में समस्याएं समाप्त होने का नाम नहीं ले रही पिछले चार दिनो से सफाई कर्मी चार महीने से सैलरी नहीं मिलने के कारण हड़ताल पर बैठे हुए हैं निवासी परेशान है बिल्डर और मेंटेनेंस कंपनी निवासियों की सुनने को तैयार नहीं है पिछले 5 वर्षों से निवासी मूलभूत सुविधाओं जैसे क्लब स्विमिंग पूल सिक्योरिटी कैमरा सफाई रख रखाव सीपेज इत्यादि समस्याओं से जूझ रहे हैत् सभी संबंधित विभागों में कई बार शिकायत करने और बिल्डर को पत्र लिखने तथा धरना प्रदर्शन इत्यादि करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही ना ही बिल्डर निवासियों के साथ कोई संवाद कर रहात सोसाइटी में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है और निवासी बेहद परेशान है सोसाइटी निवासी दीपक दुबे ने बताया कि हम लोग हर तरह का प्रयास करके अब थक रहे हैं क्योंकि कहीं कोई सुनने वाला नहीं है सोसाइटी में पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से और बीच से रास्ता बंद होने से फायर की गाड़ी प्रवेश नहीं कर सकती ऐसे में कोई बड़ी घटना हो तो कौन जिम्मेदारी लेगा ।










# विविध





# भारत

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटा निर्वाचन आयोग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की ओर से 30 सितंबर तक जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की दी गई समय सीमा को देखते हुए निर्वाचन आयोग ने वैसे तो अपनी तैयारियां तेज कर दी है, लेकिन बीच-बीच में राज्य में देखने को मिल रही आतंकी घटनाओं ने उनकी




चिंता भी बढ़ा रही है। वैसे भी राज्य में चुनाव के लिए सुरक्षा बंदोबस्त एक अहम मुद्दा है। इस बीच आयोग से जो जानकारी मिल रही है, उसके तहत राज्य में मतदाता सूची को अंतिम रूप देने का काम तेजी से चल रहा है। आयोग इसे पूरा करने की अंतिम तारीख 20 अगस्त तय कर रखी है। ऐसे में माना जा रहा है कि इसके बाद कभी भी चुनाव कार्यक्रम का ऐलान हो सकता है। इस क्रम में आयोग ने अगस्त के पहले सप्ताह में राज्य में चुनावी तैयारियों की समीक्षा का कार्यक्रम भी रखा है। माना जा रहा है कि इसके बाद ही चुनाव कार्यक्रम घोषित किए जाएंगे।आयोग से जुड़े सूत्रों की मानें तो 30 सितंबर से पहले चुनाव कराने के लिए जरूरी है कि राज्य के चुनाव कार्यक्रम को 45 दिन पहले घोषित किया जाए। ऐसे में हर हाल में चुनाव कार्यक्रम का एलान 20 अगस्त के आसपास करना पड़ेगा। सूत्रों के मुताबिक जम्मू-कश्मीर में हाल के दिनों में जिस तरह से आतंकी घटनाएं बढ़ी हुई है, उसके बाद सुरक्षा को लेकर नए सिरे से चर्चाएं तेज हो गई है। वैसे भी राज्य में विधानसभा चुनाव कराने के लिए सुरक्षा बंदोबस्त को एक प्रोटोकाल है। जिसमें चुनावी मैदान में उतरे प्रत्येक प्रत्याशियों की सुरक्षा के लिए एक कंपनी लगाई जाती है। जिसमें 120 जवान होते है। जो प्रत्याशियों को घर से लेकर चुनाव प्रचार के दौरान सुरक्षा देते है। ऐसी स्थिति में यदि एक विधानसभा क्षेत्र से न्यूनतम 10 प्रत्याशी भी मैदान में होते है, तो एक ही विधानसभा में दस कंपनी को तैनाती देनी होती है।

## पीएम मोदी भाजपा कार्यकर्ताओं से करेंगे मुलाकात, बीजेपी मुख्यालय में कार्यरत कर्मचारियों का भी जानेंगे हालचाल


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में संगठन और सरकार की अहमियत को लेकर चल रही बहस के बीच भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी का भव्य स्वागत किया था। प्रधानमंत्री ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए लगातार तीसरी दौरान मुख्यालय में काम करने वाले वाले कर्मचारियों और कार्यकर्ताओं से अलग से मुलाकात नहीं हो पाई थी। इसमें कार्यरत



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को लंबे समय से काम करने वाले कर्मचारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। भाजपा के मुख्यालय में शाम को प्रधानमंत्री इन कर्मचारियों और कार्यकर्ताओं से उनका हालचाल जानेंगे और कार्यालय की रोजमर्रा की गतिविधियों की जानकारी भी लेंगे। ध्यान देने की बात है कि लोकसभा चुनाव में राजग की जीत के बाद बार जीत के लिए उनके प्रयासों की सराहना की थी। लेकिन इस दौरान मुख्यालय में काम करने वाले वाले कर्मचारियों और कार्यकर्ताओं से अलग से मुलाकात नहीं हो पाई थी। इसमें कार्यरत क्लर्क, ऑफिस अटेंडेंट भी शामिल होंगे। प्रधानमंत्री ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए लगातार तीसरी बार जीत के लिए उनके प्रयासों की सराहना की थी। लेकिन इस क्लर्क, ऑफिस अटेंडेंट भी शामिल होंगे। चुनाव परिणाम के बाद प्रधानमंत्री मोदी की कर्मचारियों और कार्यकर्ताओं के साथ पहली मुलाकात होगी। 2001 में गुजरात का मुख्यमंत्री बनने के पहले प्रधानमंत्री भाजपा मुख्यालय में लंबा समय गुजार चुके हैं। तीसरी बार सरकार बनने के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों से भी मुलाकात की थी।

## आर बालासुब्रमण्यम ने पीएम मोदी से की मुलाकात, प्रधानमंत्री ने उनकी किताब पर किए हस्ताक्षर


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** डा. आर बालासुब्रमण्यम ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात




की। इस दौरान पीएम ने उनकी किताब पावर विदइनः द लीडरशिप लिगेसी ऑफ नरेन्द्र मोदी की एक प्रति पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, पुस्तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व यात्रा को दर्शाती है और पश्चिमी और भारतीय ष्टिकोण से इसकी व्याख्या करती है। यह किताब उन लोगों के लिए एक रोडमैप प्रदान करती है जो सार्वजनिक सेवा के जीवन की इच्छा रखते हैं। डा. आर बालासुब्रमण्यम द्वारा एक्स पर एक पोस्ट का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने लिखा,आज सुबह डा आर बालासुब्रमण्यम से मिलकर खुशी हुई। साथ ही उनकी पुस्तक की एक प्रति पर भी हस्ताक्षर किए। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें मेरी शुभकामनाएं।डा. आर बालासुब्रमण्यम ने बुधवार को पीएम मोदी से मुलाकात की। इस दौरान पीएम ने उनकी किताब पावर विदइन द लीडरशिप लिगेसी ऑफ नरेन्द्र मोदी की एक प्रति पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार पुस्तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व यात्रा को दर्शाती है। यह किताब उन लोगों के लिए एक रोडमैप प्रदान करती है जो सार्वजनिक सेवा के जीवन की इच्छा रखते हैं।

## मुहर्रम के जुलूस में कई जगह लहराए गए फलस्तीनी झंडे, श्रीनगर में यूएपीएफ के तहत केस दर्ज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मुहर्रम के मौके पर बुधवार को निकाले गए जुलूस के दौरान कुछ राज्यों में फलस्तीन के झंडे लहराए गए। इतना ही नहीं,



इजरायल व अमेरिका के खिलाफ भड़काऊ नारेबाजी की गई। इस मामले में न केवल केस दर्ज किए गए हैं, बल्कि कुछ लोगों को पकड़ा भी गया है।[ में पांच लोग जख्मी बिहार में जुलूस के दौरान जहां आपस में छह अखाड़े भिड़ गए, वहीं उत्तर प्रदेश में मारपीट की अफवाह फैलाने के बाद विवाद इतना बढ़ा कि पांच लोग जख्मी हो गए। कुछ जगहों पर ताजिये बिजली के तारों से टकरा गए, जिसमें कुछ लोग जख्मी तो कुछ की मौत हो गई।जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में यादगार-ए-हुसैन कमेटी द्वारा आयोजित जुलूस को प्रशासन ने इसी शर्त पर अनुमति दी थी कि कोई राजनीतिक या भड़काऊ नारेबाजी नहीं होगी। जुलूस में ऐसा कुछ नहीं होगा, जिससे कानून-व्यवस्था बिगड़े या अलगाववादी तत्वों को शह मिले। इसके बावजूद जुलूस में हिजबुल्लाह के झंडे लहराए गए, गाजा में इजरायल की कार्रवाई के खिलाफ नारे लगे। फलस्तीन का झंडा लहराया गया इजरायल के प्रधानमंत्री की तस्वीरों वाले पोस्टर जमीन पर बिछाकर उसे पैरों से कुचला गया। अमेरिका और इजरायल के खिलाफ नारेबाजी हुई। इस मामले में पुलिस ने लगभग दो दर्जन शिया मातमियों को हिरासत में लिया है। हालांकि, पुलिस ने किसी को हिरासत में लिए जाने की पुष्टि से इनकार करते हुए कहा है कि इस संदर्भ में कोठीबाग पुलिस स्टेशन में गैर कानूनी गतिविधियों की रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के विभिन्न प्रविधानों के तहत एफआईआर दर्ज की गई है पुलिस अधिकारियों ने कहा जिस तरह नारेबाजी हुई है और जिस तरह के ध्वज लहराए गए हैं।

## जेलों में समलैंगिक समुदाय के साथ न हो कोई भेदभाव', केंद्र ने सभी राज्यों को दिए ये निर्देश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने जेलों में समलैंगिक समुदाय (एलजीबीटीक्यू) के साथ होने वाले भेदभावों को रोकने के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश जारी किया है। गृह मंत्रालय की ओर से लिखे गए पत्र में सभी राज्यों /केंद्र शासित प्रदेशों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि समलैंगिक समुदाय (एलजीबीटीक्यू) के सदस्यों को जेल में समान अधिकार मिले और वस्तुओं और सेवाओं तक पहुंच में कोई भेदभाव न हो। मंत्रालय ने इसे लेकर जारी आदेश में लिखा, 'गृह मंत्रालय (एमएचए) का निरंतर प्रयास रहा है कि कुशल जेल प्रशासन के




विभिन्न पहलुओं पर सवोत्तम अभ्यास और प्रबंधन के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तक पहुंचें और समसामयिक दिशा-निर्देश साझा करें।'गृह मंत्रालय ने आगे लिखा, 'मंत्रालय के संज्ञान में आया है कि समलैंगिक सदस्य समुदाय के साथ अक्सर उनके लिंग के कारण भेदभाव किया जाता है। पहचान या यौन रुझान के कारण अक्सर हिंसा और अनादर का सामना करना पड़ता है। ऐसे में यह यह सुनिश्चित करने के लिए कि समलैंगिक समुदाय तक वस्तुओं और सेवाओं के पहुंचने में कोई भेदभाव न हो, विशेषकर जेल मुलाक़ात अधिकारों के संदर्भ में, निमनलिखित दिशा-निर्देश दोहराए जाते हैं।

## तटरक्षक बल ने भारी बारिश के बीच 11 मछुआरों को किया रेस्क्यू, बाढ़ के कारण गंभीर स्थिति में फंसी थी नाव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केरल तट के पास तटरक्षक बल ने बाढ़ में फंसी मछुआरों की नाव का रेस्क्यू किया, दूर फंसी हुई थी। आगे बयान में कहा कि गश्त कर रहे आईसीजी जहाज 'सक्षम' को तुरंत आईसीजी जिला मुख्यालय संख्या द्वारा



इसमें 11 लोग सवार थे जो 16 जुलाई को फंस गए थे। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि समुद्री निगरानी पर आईसीजी डोर्नियर विमान ने 16 जुलाई की रात को संकटग्रस्त भारतीय मछली पकड़ने वाली नाव (आईएफबी) का पता लगाया। इसके बाद अभियान चलाकर सभी को 17 जुलाई को सुरक्षित बचा लिया। मंत्रालय ने कहा कि तटरक्षक बल ने बुधवार को भारी बारिश और चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति के बीच बचान अभियान चलाया। मछुआरों की नाव कोच्चि से लगभग 80 समुद्री मील डायवर्ट कर दिया गया और मछुआरों की सहायता के लिए भेजा गया। चालक दल को बचाने के लिए एक उनन्त हल्के हेलीकॉप्टर के साथ, एक और आईसीजी जहाज 'अभिनव' को तैनात किया गया था। आईसीजी की एक तकनीकी टीम संकटग्रस्त नाव पर चढ़ी, बाढ़ के बीच कार्य करना जारी रखा और आवश्यक सहायता प्रदान की। ऑपरेशन सभी चालक दल के सदस्यों और जहाज के बचाव के साथ समाप्त हुआ। बाद में नाव को मत्स्य विभाग को सौंप दिया गया।

## मेरे लिए जीने और मरने का सवाल सीएम हिमंत बिस्वा सरमा बोल असम में तेजी से बढ़ रही मुसलमानों की आबादी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमाने राज्य में बदलते 'डेमोग्राफी' पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने दावा किया है कि



राज्य में मुस्लिम आबादी तेजी से बढ़ रही है, जो कि अब करीब 40 प्रतिशत तक पहुंच गई है उन्होंने कहा कि राज्य में तेजी से हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तन हमारे लिए राजनीतिक मुद्दा नहीं है, यह अस्तित्व का मुद्दा है। सीएम ने कहा कि साल 1951 में असम में मुसलमानों की आबादी सिर्फ 14 प्रतिशत थी रांची में विजय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने झारखंड सरकार पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड में बाहर से घुसपैठियों का आना और आदिवासी बेटियों को फंसाना एक समस्या है। सीएम सरमा ने आरोप लगाया कि राज्य में यह सब व्श् और कांग्रेस के संरक्षण में हो रहा है। उन्होंने कहा कि असम एक बॉर्डर राज्य है और मैं रोज घुसपैठियों से लड़ रहा हूं। सीएम सरमा ने इस मामले में झारखंड सरकार पर हाथ खड़ा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को घुसपैठियों का पता लगाने और उन्हें निर्वासित करने का निर्देश दिया है। सीएम ने कहा कि घुसपैठियों का पता लगाना और निर्वासित करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है और मैं असम में यह काम रोज करता हूँ।

## रेलवे का ऑपरेशन 'नन्हे फरिश्ते' लाया रंग, सात साल में 84000 से अधिक बच्चे किए गए रेस्क्यू

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आरपीएफ ने पिछले सात साल में रेल स्टेशन और ट्रेनों से 84,119 बच्चों को गलत हाथों में जाने से बचाया है। रेल मंत्रालय ने बताया कि आरपीएफ पिछले सात साल से नन्हे फरिश्ते नाम से चलाये जा रहे अभियान में अग्रणी रहा है। यह मिशन बच्चों के देखभाल और संरक्षण के लिए है। मंत्रालय ने बताया कि 2018 में इस मिशन की शुरुआत हुई। इस वर्ष आरपीएफ ने कुल 17,112 पीड़ित बच्चों को बचाया, जिनमें घर से भागे, लापता, बिछड़े हुए, निराश्रित, अपहृत मानसिक रूप से कमजोर और बेघर बच्चे शामिल हैं। मंत्रालय ने वर्षवार आंकड़े देते हुए बताया कि वर्ष 2019 में कुल 15,932 बच्चों को बचाया गया। 2020 कोविड महामारी की चुनौतियों के बावजूद 5,011 बच्चों को बचाया गया। वहीं, 2021 में 11,907, 2022 में 17,756 और 2023 में 11,794 बच्चों को बचाया गया।मंत्रालय ने बताया कि 2024 के शुरुआती पांच महीनों में 4,607 बच्चों को बचाया है। मंत्रालय के अनुसार ट्रैक चाइल्ड पोर्टल पर बचाये गए बच्चों की जानकारी उपलब्ध है। मंत्रालय ने कहा, 'आरपीएफ बचाए गए बच्चों को जिला बाल कल्याण समिति को सौंप देती है। जिला बाल कल्याण समिति बच्चों को उनके माता-पिता तक पहुंचाती है।



## अब उनकी आत्मा को शांति मिलेगी', कंचनजंगा ट्रेन हादसे में लोको पायलट को मिली क्लीन चिट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में कंचनजंगा एक्सप्रेस की मालगाड़ी ट्रेन से टक्कर हो गई थी। ये ट्रेन सियालदाह जा रही थी। इस घटना में पैसेंजर ट्रेन के गार्ड और मालगाड़ी के लोको पायलट अनिल कुमार समेत 10 लोगों की मौत हो गई थी। टाइम्स ऑफ इंडिया डॉट कॉम में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक, अब कंचनजंगा एक्सप्रेस हादसे में जान गंवाने वाले लोको पायलट अनिल कुमार के परिवार को आखिरकार न्याय मिल गया है। रेलवे सुरक्षा के मुख्य आयुक्त की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्हें 17 जून को हुए हादसे के लिए दोषी नहीं पाया है।अनिल कुमार पर आरोप लगने को लेकर उनकी पतनी रोशनी कुमार का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि ट्रेन हादसे के कुछ ही घंटों के अंदर मेरे पति को दोषी ठहरा दिया गया था। पतनी ने आगे कहा, हम उनकी मौत का गम भुला नहीं पाए थे, इसके तुरंत बाद ही ट्रेन हादसे के लिए अनिल को मौत का जिम्मेदार ठहराने के बाद हम सदमे में आ गए थे। अब हमें खुशी है कि रेलवे ने उचित जांच की और उन्हें निदीष पाया। अब उनकी आत्मा को शांति मिलेगी। सीसीआरएस की रिपोर्ट में माना



गया था कि कंचनजंगा एक्सप्रेस की मौजूदगी के बावजूद मालगाड़ी के लोको पायलट को एक सेक्शन पर जाने की अनुमति दी गई और बिना किसी सावधानी आदेश के सभी सिगन्लों को पार करने के लिए एक गलत मेमो दिया गया। कंचनजंगा ट्रेन हादसे में रेलवे अधिकारियों ने घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की है। रेलवे ने जांच में पाया कि इस हादसे में लोको पायलट अनिल कुमार की कोई गलती नहीं थी। ण्ऐए की रिपोर्ट मुताबिक रेलवे ने लोको पायलट को क्लीन चिट दे दी है। इसके बाद अब उनकी पतनी का भी बयान सामने आया है। जांच में पाया गया कि मालगाड़ी 78 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से यात्रा कर रही थी जब उसने कंचनजंघा एक्सप्रेस के पिछले हिस्से को देखा और आपातकालीन ब्रेक लगाया। लेकिन कंचनजंगा में दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले ट्रेन केवल 40 किमी प्रति घंटे तक ही धीमी हो सकी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अनिल ने 5 मिनट में 10 बार थ्रॉटल को एडजस्ट किया था, जो उनकी सतर्कता को दर्शाता है।

## कर्नाटक में लोकसभा चुनावों में हुआ वाल्मीकि कारपोरेशन के धन का उपयोग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड से धन के दुरुपयोग का मामला तूल पकड़ चुका है। इस




मामले में ईडी ने बुधवार को आरोप लगाया कि दुरुपयोग की गई काफी धनराशि का उपयोग हाल ही में संपनन लोकसभा चुनावों के दौरान शराब के अलावा कुछ महंगे वाहनों की खरीद में किया गया। इस मामले में कांग्रेस विधायक और राज्य के पूर्व कैबिनेट मंत्री बी नागेंद्र की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। इस बीच ईडी ने इस 187 करोड़ रुपये के घोटाले के संबंध में बी नागेंद्र की पतनी से पूछताछ की। पूर्व आदिवासी कल्याण एवं खेल मंत्री नागेंद्र को ईडी ने विगत सप्ताह गिरफ्तार किया था। ईडी द्वारा उनके और बेंगलुरु में रायचूर ग्रामीण सीट से कांग्रेस विधायक बसनगौड़ा दद्दाल के खिलाफ छापेमारी के बाद यह गिरफ्तारी की गई थी। पूर्व मंत्री फिलहाल 18 जुलाई तक ईडी की हिरासत में है।ईडी ने दावा किया है कि जांच में पाया गया है कि वाल्मीकि निगम से लगभग 90 करोड़ रुपये आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में 18 फर्जी खातों में भेजे गए। इसके बाद इस धनराशि को फर्जी और मुखौटा खातों के माध्यम से आरोपितों के बीच नकदी और सोना के तौर पर वितरित किया गया। नागेन्द्र और दद्दाल (निगम के अध्यक्ष) के परिसरों की तलाशी के दौरान ईडी ने हाल के आम चुनावों के दौरान धन के हेरफेर से जुड़े कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए। इसके अतिरिक्त बी. नागेंद्र से जुड़े सहयोगियों को भी धन के दुरुपयोग और नकदी प्रबंधन में संलिप्त पाया गया। यह घोटाला उस समय सामने आया जब निगम के लेखा अधीक्षक चंद्रशेखरन पी. 21 मई को मृत पाए गए। उन्होंने एक सुसाइड नोट लिखा था। उन्होंने निगम से विभिनन बैंक खातों में अवैध रूप से धन हस्तांतरित करने का आरोप लगाया था। इसके बाद दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया था। बढ़ते दबाव के चलते मंत्री नागेंद्र ने 29 मई को इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद कांग्रेस सरकार ने एसआइटी गठित किया। इस मामले में अब तक 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## डोडा हमले के बाद बड़े एक्शन की तैयारी, खुद सेना प्रमुख ने संभाला मोर्चा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**बेंगलुरु।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वह जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में आतंकवाद विरोधी अभियान में सेना के चार जवानों की शहादत से गहरा दुख है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना क्षेत्र में आतंकवाद के संकट को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदना है। राष्ट्र हमारे उन सैनिकों के परिवारों के साथ मजबूती से खड़ा है, जिन्होंने कर्तव्य के दौरान अपने जीवन का बलिदान दिया है। थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जम्मू- कश्मीर के डोडा जिले में आतंकवाद रोधी अभियान के बारे में मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को जानकारी दी। रक्षा मंत्री के कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से मंगलवार सुबह बात की।


## धोती पहने बुजुर्ग को मॉल में नहीं मिली एंट्री तो मचा बवाल किसानों और कन्नड़ समर्थक संगठन ने किया प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु की एक वीडियो वायरल होने के बाद से बवाल मच गया है। दरअसल, मंगलवार की शाम को किया। किसान और संगठन के लोगों ने धोती पहनकर मॉल के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान एक किसान ने को कहा कि 'यहां एक किसान आया था, उसने धोती पहन रखी थी। इसलिए सुरक्षा गार्ड ने उसे अंदर नहीं जाने दिया। इसलिए हम यहां विरोध कर रहे हैं।' वहीं, कर्नाटक कांग्रेस विधायक एनए हारिस ने कहा कि 'यह अस्वीकार्य है। धोती हमारी पारंपरिक पोशाक है। हम सरकार से कार्रवाई करने को कहेंगे।'



एक बुजुर्ग किसान को जीटी वर्ल्ड मॉल में एंट्री करने से रोक दिया। मॉल के सुरक्षा गार्ड ने बुजुर्ग किसान को अंदर जाने से इसलिए रोका क्योंकि वह धोती पहने हुआ था। काफी बहस के बाद बुजुर्ग की मॉल में एंट्री कराई गई। वीडियो के वायरल होने के बाद सोशल मीडिया में यह मुद्दा तूल पकड़ने लगा। किसानों और कनन्ड़ समर्थक संगठन ने इस कृत्य की निंदा की और बुधवार को सभी ने मिलकर जीटी वर्ल्ड मॉल के सामने विरोध प्रदर्शन मंगलवार (16 जुलाई) को बेंगलुरु के एक शॉपिंग मॉल में एक बुजुर्ग व्यक्ति को कथित तौर पर धोती पहनने की वजह से प्रवेश नहीं दिया गया था। हालांकि, यह भारतीय पारंपरिक पोशाक है। जीटी मॉल में सुरक्षा कर्मचारियों से बहस करते हुए उस व्यक्ति और उसके बेटे का एक वीडियो ऑनलाइन वायरल हो रहा है। बता दें कि दोनों फिल्म देखने आए थे और टिकट पहले से ही बुक थी। वायरल वीडियो की काफी आलोचना हुई है।


# स्पोर्ट्स






## ईसीबी के सीईओ ने बीसीसीआई के सचिव जय शाह को लिखा पत्र

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के सचिव रिचर्ड गोल्ड ने अपने समकक्ष बीसीसीआई सचिव बीसीसीआइ की एक उप-समिति है, लेकिन भारतीय बोर्ड स्वतंत्र रूप से कोई टूर्नामेंट आयोजित नहीं करता है। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड



जय शाह को पत्र लिखकर दो राष्ट्रीय दिव्यांग टीमें बनाने का प्रस्ताव दिया है- एक दृष्टिबाधित (नेत्रहीन) के लिए और एक संयुक्त (शारीरिक रूप से दिव्यांग, बौद्धिक रूप से दिव्यांग और श्रवण बाधित) टीम ताकि समुदायों के बीच खेल को लोकप्रिय बनाने में मदद मिल सके। वर्तमान में भारत में भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआइ) है, जो (ईसीबी) के सचिव रिचर्ड गोल्ड ने अपने समकक्ष बीसीसीआई सचिव जय शाह को पत्र लिखकर दो राष्ट्रीय दिव्यांग टीमें बनाने का प्रस्ताव दिया है- एक दृष्टिबाधित (नेत्रहीन) के लिए और एक संयुक्त (शारीरिक रूप से दिव्यांग बौद्धिक रूप से दिव्यांग और श्रवण बाधित) टीम ताकि समुदायों के बीच खेल को लोकप्रिय बनाने में मदद मिल सके।

## मेरी प्यारी नन्हीं परी’, बेटी से मिलने को तड़प रहे मोहम्मद शमा ने बर्थ-डे पर किया प्यारा मैसेज


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने बेटी आयरा के जन्मदिन पर एक प्यारा सा मैसेज शेयर किया। क्रिकेट स्टार ने बेटी की तस्वीरें अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर अपना प्यार लुटाया।आयरा के जन्मदिन पर शमी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेटी की तस्वीर साझा करते हुए जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। साथ एक एक प्यारा सा संदेश भी लिखा। शमी ने लिखा, 'मेरी




करते हुए एक खास संदेश लिखा और जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। पतने से विवाद के बाद शमी का बेटी के लिए प्यार जागा है। मोहम्मद शमी ने साल 2014 में हसीन जहां से शादी की थी। साल 2015 में दोनों को एक बच्ची हुई जिसका नाम उन्होंने आयरा रखा। बाद में शमी और हसीन जहां के बीच विवाद हो गया और दोनों अलग हो गए। उनकी बेटी अब अपनी मां के साथ रहती है। 17 जुलाई को आयरा का जन्मदिन होता है। इस पर शमी ने बेटी पर छोटी राजकुमारी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। मुझे आशा है कि आपका साल प्यार, सफलता और खुशी से भरा हो। गौरतलब हो कि मोहम्मद शमी साल 2023 वनडे वर्ल्ड के बाद से क्रिकेट के मैदान से दूर हैं। इस साल की शुरुआत में उनकी अकिलीज टेंडन सर्जरी हुई थी। इसके चलते उन्हें आईपीएल के पूरे सीजन से बाहर होना पड़ा था। साथ ही टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए टीम का हिस्सा नहीं थे। हालांकि, शमी एनसीए में रिहैब पर हैं।

## बर्थडे पर भक्ति में डूबे ईशान किशन, साईं बाबा के दरबार पहुंचकर लिया आशीर्वाद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज ईशान किशन आज अपना 26वां जन्मदिन हैं। उन्होंने अपने बर्थडे की शुरुआत बेहद ही शानदार तरीके से की। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें वह साईं बाबा के मंदिर पहुंचकर उनका आशीर्वाद ले रहे हैं। उनकी इस फोटो पर कई फैंस अपने कमेंट्स कर रहे हैं। इंटरनेशनल


सोशल मीडिया पर अपनी फोटो शेयर कर उन्होंने फैंस का दिल जीत लिया है। जन्मदिन के अवसर पर ईशान किशन भक्ति में डूबे हुए नजर आए। दरअसल, भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बैटर ईशान किशन काफी समय से क्रिकेट मैदान से बाहर चल रहे हैं। साउथ अफ्रीका दौरे पर टीम से हटने के बाद उनकी दोबारा से वापसी नहीं हो सकी है। टीम में वापसी के लिए ईशान काफी ज्यादा बेताब हैं। वह सब कुछ कर रहे हैं। बात चाहें प्रैक्टिस की हो या फिर पूजा-पाठ की, ईशान किसी भी चीज में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हाल ही में क्रिकेट में साल 2021 में डेब्यू किया था। इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में अपना पहला मैच खेला था। अब तक ईशान किशन खेल चुके है, जिसमें बाएं हाथ के बैटर ने 124 के स्ट्राइक रेट से 796 रन बनाए हैं। वनडे में ईशान किशनके नाम दोहरा शतक जड़ने का रिकॉर्ड दर्ज हैं। वहीं, टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने अर्धशतक जमाया है। आईपीएल में भी ईशान अपना जलवा बिखेरते हुए नजर आते हैं। उन्होंने अब तक आईपीएल में 135 के स्ट्राइक रेट से 2644 रन बना लिए हैं।

## श्रीलंका दौरे के लिए आज हो सकती है टी 20 कप्तान की घोषणा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** श्रीलंका दौरे के लिए टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम थी। श्रीलंका दौरा 27 जुलाई से शुरू होगा। पहले ये चर्चा थी कि टी-20 विश्व कप में उपकप्तान रहे




के कप्तान की घोषणा गुरुवार को हो सकती है। बुधवार को मुख्य कोच गौतम गंभीर और चयनकर्ताओं के बीच बैठक होनी थी, लेकिन इसे टाल दिया गया। अब गुरुवार को होने वाली बैठक में कप्तान के साथ ही टीम चयन पर भी मंथन होगा, जिसमें नए चयनकर्ता अजय रात्रा भी हिस्सा लेंगे। इससे पहले, कोच गंभीर ने मंगलवार को मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर के साथ चर्चा की हार्दिक पांड्या को टी-20 कप्तान बनाया जा सकता है, लेकिन फिर सूर्यकुमार का नाम चर्चा में आया क्योंकि हार्दिक की फिटनेस को देखते हुए माना जा रहा है कि अगरकर और गंभीर मुंबई के इस बल्लेबाज को 2026 टी-20 विश्व कप तक कप्तान बनाना चाहते हैं। सूर्य पिछले वर्ष दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टी-20 टीम की कप्तानी कर चुके हैं। वहीं गंभीर जब केकेआर के कप्तान थे तो सूर्यकुमार उस टीम में शामिल थे।

## कप्तानी से कटा पत्ता तो हार्दिक पांड्या का फिटनेस पर आया पहला रिएक्शन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हार्दिक पांड्या की फिटनेस के चलते टी20 में भारतीय टीम का नेतृत्व करने पर ग्रहण लग गया है। रोहित शर्मा के टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद सूर्यकुमार को उनकी जगह कप्तान बनाने की खबर है। हालांकि, अभी आधिकारी पुष्टी नहीं हुई है। गौतम गंभीर ने इसको लेकर हरी झंडी दिखा दी है। इस बीच हार्दिक पांड्या ने अपनी फिटनेस को लेकर पहला रिएक्शन दिया है। हार्दिक पांड्या ने अपने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की। पहली तस्वीर 2023 वनडे वर्ल्ड कप के बाद की है जब हार्दिक चोटिल हो गए थे। वहीं, दूसरी तस्वीर टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद की है। इन दो तस्वीरों में देखा जा सकता है कि हार्दिक पांड्या ने अपनी फिटनेस पर कितना काम किया है।रोहित शर्मा के टी20घ् से संन्यास लेने के बाद हार्दिक पांड्या कप्तानी के पहले दावेदार थे। हालांकि फिटनेस की समस्याओं के चलते सूर्यकुमार इंडियन टीम के अगले टी20 कप्तान होंगे लेकिन अभी आधिकारिक पुष्टी नहीं हुई है। अब हार्दिक ने अपनी फिटनेस को लेकर पहला रिएक्शन दिया है।



सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर करते हुए एक खास मैसेज लिखकर अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं। गौरतलब हो कि हार्दिक पांड्या का और इंजरी का रिश्ता काफी पुराना रहा है। वह कई बार महीनों तक चोट के चलते टीम से बाहर भी रहे हैं। वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बीच हार्दिक चोटिल हो गए थे और बाकी के बचे हुए मैचों से बाहर हो गए थे। लगभग 4-5 महीने बाद हार्दिक ने आईपीएल 2024 में वापसी की। हार्दिक पांड्या टी20 वर्ल्ड कप 2024 में रोहित शर्मा के डिप्टी थे। यही नहीं हार्दिक ने भारत के लिए टी20घ् के 16 मैच में कप्तानी भी की है। इसमें से भारत ने 10 मैच जीते हैं। फिलहाल हार्दिक पांड्या पूरी तरह फिट हैं और श्रीलंका दौरे के लिए पूरी तरह फिट भी हैं।

## जिसकी एक स्माइल पर फिदा हैं फैंस, वो इन्हें दे बैठी अपना दिल, जानें किसे डेट कर रही है भारत की ‘नेशनल क्रश’

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ओपनर स्मृति मंधाना आज अपना 29वां जन्मदिन मना रही है। अपनी बललेबाजी और लुक्स के उनकी तस्वीरों को फैंस खूब पसंद करते हैं। उनकी एक स्माइल पर फैंस फिदा है, जबकि स्मृति अपना दिल एक खास शख्स को दे बैठी। उनकी पर्सनल लाइफ भी काफी फैंस हमेशा ही उत्सुक रहते हैं। आज स्मृति अपना 28वां जन्मदिन मना रही है। इस खास मौके पर उनकी लव स्टोरीपर भी चर्चा हो रही है। आइए जानते हैं भारत की




चलते स्मृति फैंस के दिलों पर हमेशा ही राज करती हैं। उनके फैंस उन्हें नेशनल क्रश भी कहते हैं। क्रिकेट के मैदान पर मंधाना जितना अपनी धाकड़ बैटिंग के लिए फेमस हैं, उतना ही मैदान से बाहर वह सोशल मीडिया पर काफी छाई रहती हैं। सुखिर्यों में रहती है। ऐसे में जानते हैं कौन हैं वो शख्स, जिसे स्मृति मंधाना डेट कर रही हैं स्मृति मंधाना अपनी शानदार बैटिंग और लुक्स की वजह से हमेशा ही सुखिर्यां में बनी रहती हैं लेकिन उनकी पर्सनल लाइफ को करीबी से जानने के लिए नेशनल क्रश किसे डेट कर रही हैं दरअसल, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना की डेटिंग के चर्चे पलाश मुच्छल के साथ चल रहे हैं। पलाश बॉलीवुड की फेमस सिंगर पलक मुच्छल के भाई हैं। स्मृति और पलाश को एक साथ कई बार स्पॉट किया गया है। दोनों एक दूसरे का जन्मदिन भी साथ में मनाते हैं। पलाश इंदौर के रहने वाले हैं और ये कयास लगाए जा रहे हैं कि स्मृति उनसे ही शादी रचा सकती हैं। जब स्मृति को बेस्ट इंटरनेशनल महिला क्रिकेटर के लिए चुना गया था, तो इसके तुरंत बाद पलाश मुच्छल ने उनके लिए इंस्टाग्राम पर स्पेशल स्टोरी लगाकर उन्हें बधाई दी थी। ऐसा कई रिपोर्ट्स में कहा गया कि एक पब्लिक इवेंट में पलाश ने स्मृति से सबसे सामने अपने प्यार का इजहार किया था। पलाश ने अपनी बहन के सामने स्मृति को प्रपोज किया था, जिसके बाद उनके रिलेशन को लेकर चर्चा और बढ़ गई। वहीं, हाल ही में पलाश ने मंधाना के साथ केक काटने के दो फोटोज शेयर किए थे, जिसमें कैप्शन में हैशटैग 5 लिखकर दिल का इमोजी बनाया था। ऐसे में ये कयास लगाया गया कि इन दोनों के रिश्ते को 5 साल हो गए हैं। हालांकि, इन दोनों ही सेलिब्रिटीज ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। स्मृति मंधाना के क्रिकेट करियर की बात करें तो उन्होंने भारतीय महिला टीम की तरफ से 7 टेस्ट मैच खेलते हुए बल्ले से 629 रन बनाए हैं, जिसमें 2 शतक और 3 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं, वनडे में उन्होंने 85 मैच खेलते हुए 3585 रन बनाए हैं, जिसमें सात शतक और 27 अर्धशतक हैं। 13 टी20 इंटरनेशनल में उन्होंने 3320 रन बनाए।

## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे है

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते हैं। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए आयरलैंड ने टीम का किया एलान, 25 जुलाई से खेला जाएगा मैच

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आयरलैंड ने जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के लिए टीम का एलान कर दिया। राष्ट्रीय चयनकर्ता एंड्रयू व्हाइट ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में 14 सदस्यीय टीम की पुष्टि की। टीम की कप्तानी एंड्रयू बालबर्नी को कप्तान बनाया गया है। स्पिनर मैथ्यूज हम्फ्रीज और गेविन होए को भी टीम में शामिल किया गया है। के हवाले से कहा, हम्फ्रीज ने श्रीलंका में अपना टेस्ट डेब्यू किया और उपमहाद्वीप में अच्छे खिलाडि़यों के खिलाफ खेलना उनके लिए मुश्किल था। वह खुद स्वीकार करेंगे कि वह फॉर्म में गिरावट और शायद आत्मविश्वास में कमी के दौर से गुजरे, लेकिन उन्होंने वापसी करने के लिए बहुत मेहनत की है।'व्हाइट ने आगे कहा, 'होए एक प्रतिभाशाली लेग स्पिनर हैं और गेंद को दोनों तरफ स्पिन करने की उनकी क्षमता हमें विकेट दिलाने में मदद करती है। फिर से, वह एक ऐसा खिलाड़ी है जो कुछ समय से नजर में हैं और तीनों प्रारूपों में खेल सकता है। जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के लिए आयरलैंड ने 14 मैदान पर उतरेगी। गौरतलब हो लगभग सात वर्षों में उनका दूसरा



सदस्यीय टीम का एलान कर दिया। अनुभवी खिलाड़ी एंड्रयू बालबर्नी को टीम का कप्तान बनाया गया है। टेस्ट मैच 25 से 29 जुलाई तक बेलफास्ट में खेला जाएगा। अफगानिस्तान के खिलाफ मिली जीत के बाद आयरलैंड इस मैच को भी जीतकर इतिहास रचना चाहेगी। टीम आत्मविश्वास के साथ कि इस साल मार्च में आयरलैंड ने इतिहास रच दिया, जब उन्होंने पूर्ण टेस्ट टीम का दर्जा प्राप्त करने के बाद से अपनी पहली जीत दर्ज की। आयरलैंड ने संयुक्त अरब अमीरात में अफगानिस्तान को छह विकेट से हराया था। जिम्बाब्वे के खिलाफ यह उत्तरी आयरलैंड में आयोजित होने वाला पहला टेस्ट होगा और घरेलू टेस्ट होगा। टेस्ट मैच 25 से 29 जुलाई तक बेलफास्ट में खेला जाएगा। एंड्रयू बालबर्नी (कप्तान), मार्क अडायर, कर्टिस कैम्फर, गेविन होए, ग्राहम ह्यूम, मैथ्यू हम्फ्रीज, एंडी मैकब्राइन, बैरी मैकार्थी, जेम्स मैककॉलम, पीजे मूर, पॉल स्टर्लिंग, हैरी टेक्टर, लोरकन टकर और क्रेग यंग।

## सम्पादकीय

# शादियों की चकाचौंध और बेशुमार दौलत से कोई अछूता नहीं

लकदक शादियों को हसरत भरी निगाहों से देखने वाले आम लोगों को शायद इस बात का एहसास भी नहीं है कि सारे खाली खजाने आखिर में उन्हें और उनकी आने वाली पीढ.ियों को अपने ही खून-पसीने की कमाई से भरने हैं।हाल ही में संपनन्‍ एक बड़े उद्योगपति के बेटे के ब्याह का खुमार अभी उतरा नहीं है। रील्स की दुनिया में हाहाकार है। टीवी चैनलों पर सोहर जारी हैं। कोई वक्त था, जब धन के ऐसे अश्लील प्रदर्शन को समाज न केवल अनैतिक मानता था, बल्कि कई देशों में तो जेल तक हो जाया करती थी। जिनके पास अकूत दौलत हुआ करती थी, वे तब भी उसे विलासिता पर खर्च करने से पीछे नहीं रहते थे, लेकिन सामान्यतया यह सब कोठियों की बंद दीवारों के पीछे हुआ करता था। एक खास तबके के लोगों के बीच। कोशिश होती थी कि बाहर की दुनिया को इसकी ज्यादा भनक न लगे कोई खिड़की, कोई रोशनदान खुला रह गया, तो उसकी झिर्री से मीडिया के छापामार दस्ते कुछ दृश्य चुरा लाया करते थे और उसे बड़ी उपलब्धि मानते थे। मगर, पिछले सालों में वक्त बदला और उसके साथ सामाजिक मूल्य भी। अब किसी को इस बात की परवाह नहीं होती कि अब भी इस देश के बड़े हिस्से में लड़की का बाप सबसे निरीह प्राणी कहा जाता है। बड़ी मिसालें हैं कि बेटी के लिए दहेज जुटाने में कई लोगों की जिंदगी भर की पूंजी खर्च हो जाती है, फिर भी ससुराल वाले संतुष्ट नहीं होते। इस बात का खतरा बना रहता है कि न जाने कब लाडली की मासूम मुस्कराहटें ससुराल पक्ष की टीवी, फ्रिज और कार जैसे ठंडे लोहे की लालसाओं की भेंट चढ़ जाएं। अब इस बात को लेकर कहीं कोई फिक्र नहीं दिखती कि लकदक शादियों को फटी आंखों से देखने के बाद दूल्हों के कस्बाई मां-बापों की हसरतें किस कदर आसमान छू रही होंगी। ब्याह में ऐसी न सही, इसके आस-पास की शान-शौकत के निष्ठुर सपने उनकी आंखों में भी कुलबुलाने लगे होंगे। महंगी सजावट, डिजाइनर कपड़े, भारी-भरकम गहने-जेवर और छप्पन प्रकार के व्यंजन, सब वैसा चाहिए होगा, जिसकी चकाचौंध से फिल्मी सितारों, खिलाडियों व धर्मगुरुओं से लेकर राजनेताओं तक, सब सम्मोहित हैं सामाजिक सरोकारों से कटे हुए, एकांगी और आत्ममुग्ध समाज इसी तरह व्यवहार करते हैं। वहां सादगी के लिए कोई गुंजाइश नहीं होती है। आजकल किसी से इस बात की अपेक्षा रखना कि वह अपने मोहल्ले के प्राथमिक शिक्षक का सम्मान करेगा, किसी कारीगर को उसकी उजरत का पैसा चुकाते हुए विनम्र बना रहेगा या अपेक्षाकृत कमजोर आर्थिक स्थिति वाले अपने संबंधियों को भी घरेलू फोटो फ्रेम में हिस्सा देगा, बेमानी है। जब समाज के भीतर खुद मूल्यों को लेकर कोई आग्रह न हो, तो फिर जिनकी जेब में पैसा है, उनसे किसी नैतिकता और मर्यादा की अपेक्षा क्यों रखी जानी चाहिए? इस पूरे विमर्श का एक सिरा समाज में मूल्यों के ह्रास से जुड़ता है, तो दूसरा क्रोनी कैपिटलिज्म से। कहने की जरूरत नहीं कि हाल के वर्षों में एकाएक बने कई अमीरों की दौलत में पीढ़ी-दर-पीढ़ी व्यापार के विस्तार की कमाई के बजाय नए तरीकों और तंत्र के चोर दरवाजे से घुसकर जुटाई गई समृद्धि का हिस्सा है। इसलिए भी अब समाज को लेकर नैतिक दायित्वों का कोई दबाव नहीं दिखता। दुनिया में ऐसे तमाम उदाहरण हैं, जहां उद्योगपतियों ने फाउंडेशन बनाए, चैरिटेबल ट्रस्ट खोले या फिर इसी तरह का कोई और उपक्रम करते हुए अपनी दौलत का एक हिस्सा उस समाज को लौटाया, जिससे उन्होंने इसे हासिल किया था। बेशक इस प्रक्रिया में भी तमाम झोल हैं। ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है, जहां दान के बजाय दिखावा ज्यादा है या फिर दान के नाम पर संपत्ति को उलटफेर कर अपने ही खाते में जोड़ लेने की शातिर कवायद। इस कड़वे सच के बावजूद इस तथ्य से इन्कार नहीं किया जा सकता कि उद्योगपतियों के ट्रस्टों और फाउंडेशनों ने तमाम जरूरतमंदों के जीवन में बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाई है। मगर इन मिसालों से इतर ब्याह के नाम पर लगातार बढ़ रहे तमाशे, किराये के मेहमान, फिल्मी गानों पर ठुमके और पति-पतनी के प्रेम के प्रदर्शन के नाम पर हिंदी-अंग्रेजी फिल्मों से चुराए सस्ते संवाद बढ़ते जा रहे हैं।

# नौकरी के नाम पर ठगने वाले गिरोह का हुआ पर्दाफाश

नोएडा थाना सेक्टर-49 नोएडा कमिशन्रेट गौतमबुद्धनगर द्वारा नौकरी देने के नाम पर दिल्ली एनसीआर के बेरोजगार युवाओं को अपने जाल में फंसाने वाले संगठित गैंग के 07 अभियुक्त( जिसमें 03 पुरूष व 04 महिलायें) मय 11 मोबाईल , 5 फर्जी मोहरे व 2840 रुपये व फर्जी आधार कार्ड व रिज्यूम कोई करार नही है । इन लोगो ने कुछ मोहरे फर्जी बनवाई है तथा लैटर पैड जो यह लोग मोहर लगाकर बच्चो को ज्वाईनिग लेटर देते है वह भी सब फर्जी है। यह बेरोजगार बच्चो से पैसा लेकर उन्हे फर्जी नियुक्ति पत्र देकर कुछ दिनो मे उनके पास नौकरी पर जाने की काल आने की बात कहकर भेज कर ज्वानिंग लेटर दे देते थे। इन लोगों के पास से प्रचार प्रसार हेतु नौकरी देने के पम्पलेट भी मिले जिन्हे यह अलग अलग जगहों पर जाकर चस्पा करते थे। वसीम अहमद उपरोक्त से एक फर्जी आधार कार्ड भी बरामद जोकि यह अपनी पहचान छुपाने के लिये अपने पास रखता था। अपराध करने का देने के नाम पर इन्टरव्यू के नाम से 100/- रूपये तथा सिक्योरिटी मनी व रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर 2500-3000/- रूपये लेकर फर्जी कम्पनी के नाम पर ज्वानिंग लेटर दे देते थे। बेरोजगार बच्चो से पैसा लेकर उन्हे फर्जी नियुक्ति पत्र देकर कुछ दिनो मे उनके पास नौकरी पर जाने की काल आने की बात कहकर हजार रूपये सैलरी पर रख रखा था जिनका काम बेरोजगार लोगों को काल करना था तथा उसके बाद इन्टरव्यू लेकर सलैक्ट करना था। इनके आफिस जो भी फर्जी दस्तावेज व ज्वाईनिग लैटर तैयार होते थे उन पर यह तीनो लोग बदल बदल कर साईन करते थे व फर्जी मोहर स्टाम्प कर ज्वानिंग लेटर दे देते थे। इन लोगों के पास से प्रचार प्रसार हेतु नौकरी देने के पम्पलेट भी मिले जिन्हे यह अलग अलग जगहों पर जाकर चस्पा करते थे। वसीम अहमद उपरोक्त से एक फर्जी आधार कार्ड भी बरामद जोकि यह अपनी पहचान छुपाने के लिये अपने पास रखता था। इस काम को लगभग 01 से 1.5 साल से अलग अलग जगहों पर रहकर कर रहे थे जिसमें उन्होंने लाखों रूपये कमाये है ।गिरफ्तार अभियुक्तों की आपराधिक पृष्ठभूमि व अन्य विवरण- अभियुक्त वसीम अहमद उर्फ कपिल भाटी उर्फ पीयूष भाटी पुत्र नासिर हुसैन उपरोक्त ने धामपुर बिजनौर से 12प् पास कर रखी है, वर्ष 2009 में नोएडा आ गया था शुरूआत में इसके द्वारा ए0सी0 मैकेनिक का काम किया था, उसमें ज्यादा कुछ प्राफिट न होने के कारण कुछ बड़ा करने हेतु अलग अलग मीडिया चैनलों में काम करते हुये उपरोक्त के द्वारा अपने साथी रोहित कुमार पुत्र नन्द किशोर उपरोक्त जिसने भी 12प् युवाओं को नौकरी देने हेतु टारगेट करते थे । जिन्हे यह नौकरी देने के नाम पर इन्टरव्यू के नाम से 100/- रूपये तथा सिक्योरिटी मनी व रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर 2500-3000/- रूपये लेकर फर्जी कम्पनी के नाम पर ज्वानिंग लेटर दे देते थे। बेरोजगार बच्चो से पैसा लेकर उन्हे फर्जी नियुक्ति पत्र देकर कुछ दिनो मे उनके पास नौकरी पर जाने की काल आने की बात कहकर भेज देते है। नौकरी न मिलने पर दूर से बच्चे इनके पास वापस नही आते है तथा जो आकर इनसे अपना पैसा मांगते है उनके खिलाफ यह सोशल मीडिया/ ट्विटर पर इनके खिलाफ ही झूठे ट्वीट करके डरा देते है जिससे वह डरकर भाग जाते है। इन लोगों ने अपने आफिस में लडकियों को 10-15 हजार रूपये सैलरी पर रख रखा था जिनका काम बेरोजगार लोगों को काल करना था तथा उसके बाद इन्टरव्यू लेकर सलैक्ट करना था। इनके आफिस जो भी फर्जी दस्तावेज व ज्वाईनिग लैटर तैयार होते थे उन पर यह तीनो लोग बदल बदल कर साईन करते थे व फर्जी मोहर स्टाम्प कर ज्वानिंग लेटर दे देते थे। इन लोगों के पास से प्रचार प्रसार हेतु नौकरी देने के पम्पलेट भी मिले जिन्हे यह अलग अलग जगहों पर जाकर चस्पा करते थे। वसीम अहमद उपरोक्त से एक फर्जी आधार कार्ड भी बरामद जोकि



फार्म व रजिस्टेशन फार्म , फार्म फाइले, ज्वाइनिग लैटर, 03 रजिस्टर , इन्टरव्यू बुक , आफिस के नाम के पम्पलेट व इन्टरव्यू फार्म व रशीदे इत्यादि व घटना में प्रयुक्त दो कारें बरामद। कार्यवाही का विवरण- थाना सै0 49 नोएडा की पुलिस टीम द्वारा पीलर न0 81 सलारपुर के पास क्वालिटी फर्नीचर की तीसरी मंजिल से दिनांक 15.07.2024 की शाम में 03 पुरूष अभियुक्त व 04 महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ का विवरण- अभियुक्त वसीम अहमद उर्फ कपिल भाटी उर्फ पीयूष भाटी उर्फ वसीम पत्रकार उपरोक्त ने पूछताछ में बताया कि वह अपने साथी रोहित चन्दैला उर्फ राहुल भाटी व रोहित कुमार के साथ मिलकर पिछले एक डेढ साल से लोगो को नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी कर रहा है, इनका एक यूट्यूब चैनल ्दर्ी त्पा् रदं के नाम से है जिसमे यह नौकरी दिलाने का भ्रामक विज्ञापन डालते है जिसको देखकर काफी बेरोजगार बच्चे नौकरी के लिये विभिनन्‍ राज्यो से दूर दूर से नौकरी की तलाश मे इनके पास आते है। यह उन लोगो से 100 रुपये रजिस्टेशन फीस व 2500 से 3000 रुपये तक फाइल चार्ज/सिक्योरिटी मनी के रूप में लेते है। इनका किसी कम्पनी से देते है। नौकरी न मिलने पर दूर से बच्चे इनके पास वापस नही आते है तथा जो आकर इनसे अपना पैसा मांगते है उनके खिलाफ यह सोशल मीडिया/ ट्विटर पर इनके खिलाफ ही झूठे ट्वीट करके डरा देते है जिससे वह डरकर भाग जाते है। इनके सोशल मिडिया पर 04 ट्विटर हैण्डल/एकाउन्ट प्रकाश में आये है जिनके नाम 1 इन्ही से यह बेरोजगार बच्चो व अन्य लोगो के खिलाफ डराने के लिये झूठे/भ्रामक ट्विट कर देते है। जो रुपया इन्हे इस स्कैम मे मिलता है वह यह तीनो वसीम अहमद उर्फ कपिल भाटी उर्फ पीयूष भाटी पुत्र नासिर हुसैन ,रोहित कुमार पुत्र नन्द किशोर व रोहित चंदेला उर्फ राहुल भाटी पुत्र सुरेशपाल मिलकर आपस मे बांट लेते है। कुछ लडकिया जोकि इन लोगों के पास सोशल मीडियाँ पर इनके भ्रामक विज्ञापन देखकर नौकरी के लिये आयी थी जिनको इन तीनों ने मिलकर आफिस में नौकरी पर रख लिया इनको केवल यह लोग 10-15 हजार रूपये सैलरी देते थे। इनका काम लोगो को काल करना था तथा उसके बाद इन्टरव्यू लेकर सलैक्ट करना था। इनके आफिस जो भी फर्जी दस्तावेज व ज्वाईनिग लैटर तैयार होते थे उन पर यह तीनो लोग बदल बदल कर साईन करते थे व फर्जी मोहर स्टाम्प तरीका- अभियुक्तगण वसीम अहमद उर्फ कपिल भाटी उर्फ पीयूष भाटी पुत्र नासिर हुसैन ,रोहित कुमार भेज देते है। नौकरी न मिलने पर दूर से बच्चे इनके पास वापस नही आते है तथा जो आकर इनसे अपना




पुत्र नन्द किशोर व रोहित चंदेला उर्फ राहुल भाटी पुत्र सुरेशपाल उपरोक्त मिलकर दिल्ली एनसीआर0 के बाहर के राज्यों के बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने के नाम पर टारगेट करते थे । जिन्हे यह नौकरी पैसा मांगते है उनके खिलाफ यह सोशल मीडिया/ ट्विटर पर इनके खिलाफ ही झूठे ट्वीट करके डरा देते है जिससे वह डरकर भाग जाते है। इन लोगों ने अपने आफिस में लडकियों को 10-15 पास कर रखी है व रोहित चंदेला उर्फ राहुल भाटी पुत्र सुरेशपाल उपरोक्त जिसने ण्दस्ज्ञ्ी एम्गहम में ऊाम्प् की हुयी है, के साथ मिलकर दिल्ली एनसीआर0 के बाहर के राज्यों के बेरोजगार यह अपनी पहचान छुपाने के लिये अपने पास रखता था। इस काम को लगभग 01 से 1.5 साल से अलग अलग जगहों पर रहकर कर रहे थे जिसमें उन्होंने लाखों रूपये कमाये है ।

# महाशक्तियों के बीच हथियारों की सीमा संबंधी सभी वार्ताएं खत्म

रूस के पास दुनिया का सबसे बड़ा परमाणु हथियार भंडार है और हमें भरोसा दिलाया जाता है कि जंगी परमाणु उपकरण का कोई रणनीतिक मतलब?नहीं होता! और 1,710 हथियार तैनात रहते हैं। ब्रिटेन, फ्रांस और चीन के पास क्रमशः 120, 280 और 24 हथियार तैयार हैं। संग्रहीत हथियार 5,684 हैं और सैन्य भंडार में 9,585 हथियार



हालांकि, अध्ययनों से पता चला है कि आधुनिक जंगी हथियार अब भी 1945 में नागासाकी और हिरोशिमा पर गिराए गए हथियारों की तुलना में काफी अधिक ऊर्जा जारी कर सकते हैं।एनी जैकबसन की रोमांचक थ्रिलर पुस्तक 'परमाणु युद्ध : एक परिदृश्य' परमाणु युद्ध की भयावहता को स्पष्ट करती है कि कैसे दुनिया परमाणु हथियारों से नष्ट हो सकती है। इस पुस्तक को वास्तविक अर्थों में एक क्लासिक के रूप में पढ़ा जाना चाहिए, क्योंकि यह हमें दृढ़ता से याद दिलाती है कि हम अपने डाटाबेस से परमाणु प्रलय की काली छाया को खत्म नहीं होने देंगे। इस वर्ष की सिपरी रिपोर्ट से हमें इस भयावह परिदृश्य का एहसास होता है कि हम दुनिया भर में फैले दुश्मनों के बीच 12,121 से ज्यादा परमाणु हथियारों के साथ जी रहे हैं। अनुमान है कि अमेरिका और रूस के पास हर समय क्रमशः 1,770 हैं। इस परिदृश्य को रॉयटर्स की एक रिपोर्ट और भयावह बनाती है, जिसमें बताया गया है कि 'रूस सैन्य अभ्यास करेगा, जिसमें जंगी परमाणु हथियारों के उपयोग का अभ्यास किया जाएगा। यह 6 मई, 2024 तक की ताजा रिपोर्ट है। सैन्य अभ्यास में गैर-रणनीतिक परमाणु हथियारों के उपयोग के लिए तैयारी और तैनाती का अभ्यास इसमें शामिल होगा। रूस के दक्षिणी सैन्य जिले में मिसाइल संरचनाएं होंगी और नौसेना बल इसमें भाग लेंगे। अभ्यास के दौरान, 'तथाकथित' गैर-रणनीतिक परमाणु हथियारों की तैयारी और उपयोग के कई उपाय किए जाएंगे। यह जंगी परमाणु हथियारों के लिए एक गलत नाम है। रूस का दावा है कि अभ्यास का उद्देश्य 'रूसी संघ के खिलाफ कुछ पश्चिमी अधिकारियों द्वारा दिए गए भड़काऊ बयानों और धमकियों के जवाब में' रूस की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता सुनिश्चित करना है।

# ट्रंप ने वेंस को क्यों चुना उत्तराधिकार का चुनाव देता है कई संकेत

करीब पिछले एक दशक से वैश्विक राजनीति को प्रभावित कर रहे ट्रंप ने हालिया हमले से उबरते हुए अपना उत्तराधिकारी चुन लिया है। महज 39 वर्ष के तेज-तर्रार जेडी वेंस में शिष्यता का भाव इस कदर भरा है कि वह ट्रंप के दुश्मन को धार्मिक रूढ.िवादी, उन्हें संदेह की नजर से देखते थे। ट्रंप ने तब माइक पेंस को चुना, ताकि उनका भय कम हो सके, क्योंकि पेंस के ईसाई मतदाताओं से घनिष्ठ संबंध थे। विचार यह था कि वह ट्रंप को अंदरूनी लोगों और सत्ता के बिचौलियों से



अपना दुश्मन मानते हैं। वेंस का नामांकन यह बताता है कि ट्रंपवाद जारी रहेगा।डोनाल्ड ट्रंप ने ओहियो के सीनेटर जेडी वेंस को अपना उपराष्ट्रपति उम्मीदवार चुना है। इससे पहले के उपराष्ट्रपति के उम्मीदवारों का चयन पार्टी की एकता को मजबूत करने, जिस प्रांत में पार्टी की स्थिति डांवाडोल हो, उसे अपने पाले में लाने और वाशिंगटन से बाहर के राष्ट्रपति को सत्ता संचालन में मदद करने के लिए चुना जाता था। इन मानदंडों पर वेंस खरे नहीं उतरते। ट्रंप ने जब वेंस को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया, तो उनके मन में संभवतः 2024 ही नहीं था, बल्कि वह 2028 और उससे आगे के बारे में सोच रहे थे। पिछली बार जब ट्रंप ने अपने साथी का चुनाव किया था, तो वह ज्यादा चिंतित थे। तब कई रिपब्लिकन, खासकर सामाजिक और निपटने में मदद कर सकते हैं। ट्रंप-पेंस की जोड़ी छह जनवरी, 2021 तक कायम रही। अब हमलावर की गोली से बाल-बाल बचने और सांविधानिक रूप से एक और कार्यकाल तक सीमित रहने के कारण ट्रंप स्वाभाविक तौर पर वफादारी और विरासत को तवज्जो दे रहे हैं। वेंस में ट्रंप और ट्रंपवाद के प्रति काफी जोश है और इसकी संभावना नहीं है कि वह उपराष्ट्रपति निवास को आप्रवासन समर्थक और हस्तक्षेप करने वाले रिपब्लिकन का ठिकाना बनने देंगे। वह 2020 के चुनाव के बाद से ही ट्रंप के आचार-व्यवहार का अनुसरण तो कर ही रहे है, आलम यह है कि वह ट्रंप के दुश्मन को अपना भी दुश्मन मानते हैं। ट्रंप को वेंस की जीवनी भी पसंद आई होगी। गरीबी में पले-बढ़े वेंस 9/11 आतंकी हमले के बाद मरीन में शामिल हुए, बेस्टसेलिंग आत्मकथा लिखी और व्यवसाय में कामयाब हुए।

# निर्यात बढ़ाने के लिए नई कवायद का वक्त, क्या रंग लाएगी बिम्सटेक की कोशिश

नई गठबंधन सरकार निर्यात बढ़ाने और व्यापार घाटे को कम करने के लक्ष्य को लेकर मिशन मोड पर आगे बढ़ रही है। नई गठबंधन सरकार वैश्विक व्यापार की चुनौतियों के बीच भारत से निर्यात बढ़ाने और व्यापार घाटे को कम करने के लक्ष्य को सामने रखकर मिशन मोड पर आगे बढ़ रही है। दौरान द्विपक्षीय वार्ताओं से विदेश व्यापार की नई संभावनाएं आगे बढ़ाई हैं। प्रधानमंत्री मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच वार्ता के बाद जारी हुए संयुक्त बयान में कहा गया है कि भारत और रूस ने द्विपक्षीय कारोबार को 2030 तक 100 अरब डॉलर तक बढ़ाने, व्यापार में संतुलन लाने, गैर-शुल्क व्यापार एवं अपशिष्ट प्रबंधन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम जैसे क्षेत्रों में एक दूसरे के सामर्थ्य को जोड़ने का काम किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि 2023 में दोनों देशों के बीच लगभग 2.93 अरब रुपये का द्विपक्षीय व्यापार हुआ है। ऑस्ट्रिया के लिए भारत यूरोपीय संघ के बाहर इसके सबसे



हाल ही में नई दिल्ली में बिम्सटेक (बंगाल की खाड़ी के आसपास स्थित देशों का संगठन) में भारत ने नई जान फूंकने की कोशिश की। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत के लिए बिम्सटेक के देशों बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, म्यांमार और थाईलैंड के साथ द्विपक्षीय व्यापार और आपसी सहयोग बढ़ाने की पहल नेबरहुड फर्स्ट और एक्ट ईस्ट तथा सागर नीति का ही हिस्सा है। इसी तरह भारत ने रूस सहित मित्र देशों और विभिनन्‍ विकसित देशों के साथ द्विपक्षीय वार्ताओं से कारोबार बढ़ाने की नई कवायद शुरू की है। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस और ऑस्ट्रिया के दौरे के बाधाओं को दूर करने और यूरेशियन आर्थिक संघ (ईएइ्यू)-भारत मुक्त व्यापार क्षेत्र की संभावनाएं तलाशने का लक्ष्य रखा है। दोनों देशों ने राष्ट्रीय मुद्रा का इस्तेमाल कर एक द्विपक्षीय निपटान प्रणाली स्थापित करने और पारस्परिक निपटान प्रक्रिया में डिजिटल वित्तीय उपकरणों को लाने की योजना बनाने की बात कही है। ऑस्ट्रिया के चांसलर नेहमर के साथ द्विपक्षीय वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों के आपसी सहयोग को मजबूत करने के लिए संबंधों को रणनीतिक दिशा प्रदान की जाएगी। इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास, इनोवेशन, नवीकरणीय ऊर्जा, हाइड्रोजन, जल महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदारों में से एक है। पड़ोसी प्रथम नीति के तहत नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी देशों के राष्ट्रप्रमुखों को बुलाया गया था। हाल में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के बीच द्विपक्षीय वार्ता के बाद तीस्ता नदी के जल प्रबंधन, समुद्री अर्थव्यवस्था और डिजिटल सेक्टर सहित 10 अहम समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं। इसी तरह श्रीलंका के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के मद्देनजर कोलंबो में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने श्रीलंका के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत की और भारत से दिए गए 60 लाख अमेरिकी डॉलर के अनुदान से निर्मित समुद्री बचाव समन्वय केंद्र का उद्घाटन किया। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा कि वर्ष 2022 में जब श्रीलंका सबसे बड़े आर्थिक संकट से जूझ रहा था, तब भारत ने 3.5 अरब डॉलर की मदद देकर हमें आर्थिक संकट से उबारा। यह भी महत्वपूर्ण है कि हाल में जी-7 के शिखर सम्मेलन में विशेष आमंत्रित देश भारत की अहमियत दिखाई दी। भारत के लिए सबसे ठोस लाभ जी-7 की उस प्रतिबद्धता से उपजा, जिसमें कहा गया कि भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) को बढ़ावा दिया जाएगा। इस गलियारे के निर्माण की घोषणा गत वर्ष भारत में जी 20 शिखर बैठक के समय की गई थी। सरकार को आसियान देशों में निर्यात की नई रणनीति अपनानी होगी। साथ ही भारत को ओमान, ब्रिटेन, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, इस्राइल, गल्फ कंट्रीज काउंसिल और यूरोपीय संघ के साथ भी एफटीए को शीघ्र अंतिम रूप देने की डगर पर आगे बढ़ना होगा। इस पर भी काम करना होगा कि पिछले वर्ष जी-20 में जिस 55 देशों वाले अफ्रीकी संगठन को जी-20 की स्थायी सदस्यता दिलाने में भारत ने अहम भूमिका निभाई है, उन देशों में निर्यात बढ़ाने होंगे। उम्मीद है कि पिछले दिनों रूस, ऑस्ट्रिया, बांग्लादेश, श्रीलंका और विभिनन्‍?देशों के साथ की गई द्विपक्षीय वार्ताएं लाभप्रद सिद्ध होंगी। ऐसे में निश्चित रूप से भारत विदेश व्यापार बढ़ाने के रणनीतिक प्रयासों से वर्ष 2030 तक माल एवं सेवाओं के दो लाख करोड़ डॉलर के निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगा।

# बॉलीवुड/टेली मसाला

## ऐश्वर्या राय बच्चन ने इंस्टा पर लाइक की 'तलाक' वाली पोस्ट, ऐश्वर्या राय से अलग होने की खबर को मिला जोर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता अभिषेक बच्चन और अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन हमेशा



से ही सुर्खियों में रहते हैं। हाल ही में, एक बार फिर ये जोड़ी चर्चा का विषय बन गई है। अभिषेक बच्चन ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट को 'लाइक' किया, जिसमें तलाक का जिक्र था। सोशल मीडिया पर एक्टर की ये एक्टिविटी तब सामने आई जब ऐश्वर्या राय ने बिजनेसमैन अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में बच्चन परिवार से दूर अकेले शिरकत की थी। ऐश्वर्या राय और बच्चन फैमिली के बीच अनबन की अफवाहें पिछले काफी लंबे वक्त से उड़ रही है। वहीं, अब अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या के अलगाव की भी अफवाह उड़ने लगी है, जिसे हवा तब मिल गई जब अभिषेक और ऐश्वर्या अंबानी वेडिंग में अलग-अलग पहुंचे थे।ऐश्वर्या राय बच्चन ने अनंत और राधिका की शादी में बेटी आराध्या के साथ अकेले ही हिस्सा लिया था। वेडिंग में उनका अकेले आना भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया था। कुछ समय से ये भी अफवाहें थी कि ऐश्वर्या और अभिषेक के बीच कुछ मतभेद चल रहे हैं। वहीं अब अभिषेक बच्चन की सोशल मीडिया एक्टिविटी ने मतभेद की अफवाहों को और बढ़ा दिया है। अभिषेक बच्चन ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर तलाक से जुड़ा एक पोस्ट लाइक किया, जो अब सोशल मीडिया पर फैंस का ध्यान खींच रहा है। पोस्ट में लिखा है, जब प्यार आसान नहीं रह जाता... जो कपल लंबे समय से शादीशुदा है, वो एक-दूसरे से अलग होने लगते हैं। उनके इस फैसले की वजह क्या है और ग्रे तलाक क्यों बढ़ रहे हैं पोस्ट पर कैप्शन में लिखा है, तलाक किसी के लिए भी आसान नहीं होता। कौन हमेशा खुश रहने का सपना नहीं देखता या सड़क पार करते समय हाथ थामे बुजुर्ग जोड़ों के दिल को छू लेने वाले वीडियो को फिर से बनाने की कल्पना नहीं करता पोस्ट के अंत में लिखा है, संयोग से, 'ग्रे तलाक' या 'सिल्वर स्प्लिटर्स' - आमतौर पर 50 साल की उम्र के बाद शादी से बाहर निकलने की चाह रखने वालों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले शब्द - दुनियाभर में बढ़ रहे हैं। कारण, हालांकि अलग-अलग हैं, लेकिन आश्चर्यजनक नहीं हैं। अभिषेक बच्चन का यह 'लाइक' सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। फैंस और फॉलोअर्स इस पर रिएक्ट कर रहे हैं। कुछ लोगों का मानना है कि ये एक सामान्य 'लाइक' हो सकता है, जबकि कुछ इसे अभिषेक और ऐश्वर्या के रिश्ते में आई दरार के संकेत के रूप में देख रहे हैं।

## पहले ही दिन गर्दा उड़ाएगी 'बैड न्यूज' विक्की कौशल की फिल्म ने कर डाली इतनी कमाई


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** विक्की कौशल की फिल्म 'बैड न्यूज' रिलीज से ज्यादा दूर नहीं है। फिल्म ने गानों और ट्रेलर से पहले ही समां बांध दिया है। के कूल डांस स्टेप्स चर्चा में बने हुए हैं। इसके अलावा 'जानम' सॉन्ग में तृप्ति डिमरी के साथ उनकी हॉट केमेस्ट्री भी चर्चा का विषय बनी हुई है। 'बैड न्यूज' फिल्म की एडवांस




फैंस इस मूवी में तृप्ति डिमरी के साथ उनकी हॉट केमेस्ट्री को देखने के लिए बेताब हैं। 'बैड न्यूज' से एक्टर एमी विर्क बॉलीवुड में डेब्यू भी करेंगे। फिल्म की एडवांस बुकिंग ओपन हो चुकी है। तो चलिये जानते हैं कि पहले दिन के लिए इस फिल्म की कितनी टिकटें बिक गईं। आनंद तिवारी के डायरेक्शन में बनी 'बैड न्यूज' को लेकर सोशल मीडिया पर काफी हाईप है। तृप्ति, विक्की और एमी की ही साथ में पहली फिल्म है। बैड न्यूज मूवी के दो गानों ने फैंस के बीच धमाल मचा दिया है। 'तौबा तौबा' में विक्की कौशल बुकिंग मंगलवार 16 जुलाई से शुरू हुई है। विक्की कौशल ने मजेदार अंदाज में एडवांस बुकिंग की अनाउंसमेंट की थी। वहीं, सैकनिल्क की रिपोर्ट में इसके आंकड़े सामने आ चुके हैं, जो पहले दिन फिल्म की धुंआधार कमाई की ओर इशारा कर रहे हैं। बैड न्यूज फिल्म का पहले दिन का एडवांस बुकिंग कलेक्शन 60 लाख के पार गया है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म की 22042 टिकटें बिक गई हैं। इससे फिल्म का टोटल कलेक्शन 61.18 लाख तक का हो गया है।

## 600 करोड़ के लिए 'कल्कि' ने लिया यूटर्न 21वें दिन कर डाली टकाटक कमाई

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**निर्देशक नाग अश्विन की माइथोलॉजिकल और साइंस फिक्शन फिल्म कल्कि 2898 एडी इन दिनों सिनेमाघरों में जारी है। प्रभास की कल्कि बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कारोबार करने में कामयाब हुई। इस बीच सैकनिल्क की तरफ से कल्कि 2898 एडी के 21वें दिन के बॉक्स ऑफिस




पिछले तीन सप्ताह से प्रभास और अमिताभ बच्चन की ये मूवी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रही है। इसके साथ ही बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में कल्कि अपना कमाल दिखाते हुए आगे बढ़ रही है। इस बीच कल्कि 2898 एडी के 21वें दिन की कमाई के ताजा आंकड़े सामने आ गए हैं, जो इस प्रकार है। पिछले महीने की 27 तारीख को फिल्म कल्कि 2898 एडी को बड़े पर्दे पर रिलीज किया गया था। इस फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस की तरफ से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला, जिसकी वजह से कलेक्शन के लेटेस्ट आंकड़े साझा किए है, जिनके मुताबिक इस फिल्म ने बीते बुधवार को करीब करीब 6 करोड़ की कमाई कर ली है, जो मंगलवार कलेक्शन की तुलना में करीब 1 करोड़ ज्यादा है। बता दें कि कल्कि 2898 एडी की ये कमाई हिंदी, तमिल, तेलुगू, कनन्ड़ और मलयालम भाषा में है। जल्द ही ये मूवी 600 करोड़ के क्लब में एंट्री लेनी वाली है। बीते साल सुपरस्टार शाह रुख खान ने अपने करियर की सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म जवान दी। इस मूवी ने बॉक्स ऑफिस पर नेट 643 करोड़ का कारोबार किया था।

## मिर्जापुर नहीं, यूपी के इस शहर में है कालीन भैया की आलीशान कोठी, 100 साल से ज्यादा पुराना है इतिहास


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 'खेल आज भी वही बस मोहरे बदल गए।' 'मिर्जापुर' की गद्दी पर कभी कालीन भैया का राज हुआ करता था। मगर सीजन 3 में तख्तापलट होते-होते देर नहीं लगी। जिस 'मिर्जापुर' पर कालीन भैया का राज हुआ करता था, वहां अब गुड्डू पंडित (त्या ईत) की हुकूमत चलती है। 10 एपिसोड की इस सीरीज में ऐसी कई जगहें दिखाई गई है, जो इस बात का संकेत देती है कि 'मिर्जापुर' की कहानी को यूपी के कई शहरों में कवर किया गया है। कभी मिर्जापुर की गद्दी संभालने वाले कालीन भैया की 'त्रिपाठी कोठी' को अच्छे से शो में दिखाया गया है। इसे घर कम और किसी पैलेस की तरह ज्यादा दिखाया गया है। लेकिन हैरानी की बात ये है कि कालीन भैया की ये कोठी मिर्जापुर में नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के ही एक दूसरे शहर में है। त्रिपाठी कोठी, मिर्जापुर सीरीज में वह जगह है, जहां कालीन भैया अक्सर बैठक का आयोजन किया करते थे। सीरीज में घर में एक बड़ा बरामदा दिखाया गया, जहां कालीन भैया बैठते थे और अपनी बैठक करते थे। वह यहां मिर्जापुर के अपने लोगों की समस्याएं सुनते थे और यहीं बैठ तय करते थे कि आगे क्या करना है। तो क्या आप जानते हैं कि कालीन भैया की कोठी असल में कहां पर है अगर आपने 'मिर्जापुर 3' देखा है, तो आपने देखा होगा कि गुड्डू भैया, कालीन भैया के ही घर में बैठक का आयोजन करते




है। पूरे शो में त्रिपाठी कोठी को ऐसे दिखाया गया है, मानो वह एक पैलेस हो। आपको बता दें कि 'मिर्जापुर' की त्रिपाठी कोठी असल में पैलेस ही है। जिसे कालीन भैया का घर दिखाया गया है, वह वाराणसी का अजमतगढ़ पैलेस है। इसे मोती झील के नाम से भी जाना जाता है। 'त्रिपाठी कोठी' के कारण ही अजमतगढ़ पैलेस का एक तरह से डिजिटल टूर देखने को मिला है। अगर इतिहास के पननें को पलट कर देखें, तो पता चलेगा कि बनारस के इस शानदार पैलेस को किसने और कब बनवाया था। अजमतगढ़ पैलेस को राजा मोती चंद ने बनवाया था। इसका निर्माण 1904 से 1908 के बीच हुआ था। राजा मोती चंद ने जब इस पैलेस का निर्माण करवाया, तो इसका नाम अजमतगढ़ रखने के पीछे एक खास कारण है। दरअसल, वह उसी दौरान अपने परिवार के आजमगढ़ के अजमतगढ़ से वाराणसी शिफ्ट हुए थे। इस कारण उन्होंने इस पैलेस का नाम भी अजमतगढ़ के नाम पर ही रख दिया। ज्यादातर ये पैलेस अंदर से ग्रीन और येलो के कलर में पेंट है। अजमतगढ़ पैलेस मुंबई से आए सितारों के लिए शूटिंग के लिहाज से नई जगह नहीं है। यहां विकास खनन की डायरेक्टोरियल 'द लास्ट कलर' की शूटिंग हो चुकी है। इसकी मुख्य पात्र 'पंचायत' की महिला प्रधान यानी नीना गुप्ता (नार्ही उर्ल्जू) थीं। इसके अलावा प्रतीक बब्बर की इश्क फिल्म के गाने की शूटिंग भी इसी जगह हुई है। मिर्जापुर सीरीज की अधिकांश शूटिंग उत्तर प्रदेश में ही हुई है। जहां त्रिपाठी चौक दिखाया गया है, उसे रामनगर किले पर शूट किया गया है। वाराणसी के गौरवशाली घाटों को भी 'मिर्जापुर' में दिखाया गया है, जो इसकी कहानी में नया रंग जोड़ते हैं। यूपी के इन शहरों में भी हुई शूटिंग 'मिर्जापुर' की शूटिंग लखनऊ में भी हुई है। नवाबों का शहर कहा जाने वाला लखनऊ अपनी वास्तुकला और चिकनकारी कढ़ाई के लिए जाना जाता है। शो के दूसरे सीजन में जिस जगह गुड्डू अपनी बहन डिंपी से मिलने जाते थे, वह जगह नॉवेल्टी एमजीएस सिनेमा के पास है। इसके अलावा कुछ हिस्सों की शूटिंग प्रयागराज और गोरखपुर में भी हुई है।

## छैय्या छैय्या गर्ल को फिर हुआ प्यार अर्जुन कपूर से ब्रेकअप के बाद इस शख्स को डेट कर रही हैं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मलाइका अरोड़ा भले ही 50 साल की हो गई हैं लेकिन उनके जलवे अभी भी कम नहीं हैं। वो अपनी कातिलाना अदाओं से आज भी किसी को अपना दीवाना बना सकती हैं। पिछले दिनों खबर आ रही थी कि मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर का ब्रेकअप हो उसका चेहरा साफ नहीं दिख रहा है। इन फोटोज को देखकर ऐसा लग रहा है कि मलाइका इसी मिस्ट्री मैन के साथ वेकेशन एंजॉय कर रही है। इस फोटो को देखकर फैंस ये अंदाजा लगा रहे हैं कि मलाइका फिर से किसी को डेट कर रही हैं। मलाइका और अर्जुन के ब्रेकअप की खबरें उस वक्त



चुका है। इसके बाद एक्ट्रेस को स्पेन में वेकेशन मनाते देखा गया। मलाइका इस वेकेशन से कई बेहतरीन फोटोज लगातार सोशल मीडिया पर शेयर कर रही हैं। एक्ट्रेस ने बिकिनी फोटोज के साथ फूड की भी तस्वीरें शेयर कीं। हालांकि इन सभी फोटोज में मलाइका अरोड़ा ने एक और फोटो पोस्ट की है जिसमें एक मिस्ट्री मैन नजर आ रहे हैं। मलाइका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज में चार फोटोज का कोलाज बनाकर शेयर किया है। इसी कोलाज फोटो में एक शख्स नजर आ रहा है। हालांकि तेज हो गईं जब एक्टर ना तो उनके साथ न्यू इयर पार्टी में दिखे और ना ही मलाइका अर्जुन कपूर की बर्थडे पार्टी में नजर आईं। पिंकविला की एक रिपोर्ट के अनुसार दोनों के एक करीबी ने बताया कि कपल ने सोच समझकर रिश्ता खत्म करने का मन बनाया। हालांकि अभी भी वो अच्छे दोस्त बने रहेंगे। बता दें कि अपने वेकेशन की वजह से मलाइका अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में भी शामिल नहीं हुई थीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई दी थी।

## अक्षय कुमार पर फिर मंडराया फ्लॉप का साया 6 दिनों में 'सरफिरा' का बिजनेस निराशाजनक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार की हालिया रिलीज फिल्म 'सरफिरा' बॉक्स ऑफिस पर अपनी चमक बिखेरने में नाकामयाब रही है। फिल्म ने बुधवार तक केवल 17.40 करोड़ रुपये की कमाई की, जिससे ये 'सरफिरा' पहले दिन से बॉक्स ऑफिस पर बिजनेस करने के लिए संघर्ष कर रही है। सैकनिल्क के अनुसार, ओपनिंग डे पर फिल्म ने 2.5 करोड़ कमाए। वहीं, दूसरे दिन कलेक्शन बढ़कर 4.25 करोड़ और पांचवें दिन 5.25 करोड़ हो गया।



साफ हो गया है कि दर्शकों ने इसे उम्मीद के अनुसार सराहा नहीं है। सरफिरा' का कुल कलेक्शन अब तक संतोषजनक नहीं रहा है। पहले दिन से ही इस फिल्म से मेकर्स को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन ये खरी नहीं उतर सकी। फिल्म ने ओपनिंग वीकेंड पर ठीक- ठाक कमाई करने की कोशिश की, लेकिन बाद के दिनों में कलेक्शन में गिरावट देखने को मिली। हिट के लिए तरसे अक्षय कुमार फिल्म क्रिटिक्स ने 'सरफिरा' को मिली- जुली प्रतिक्रिया दी है। कइयों ने इसकी कहानी और निर्देशन की तारीफ की है, लेकिन दर्शकों के साथ ये कनेक्ट नहीं कर पा रही है। अक्षय कुमार की एक्टिंग की हमेशा की तरह तारीफ की जा रही है, लेकिन यह फिल्म उनके करियर की अन्य हिट फिल्मों की तरह सफल नहीं हो पाई है।सरफिरा' का संघर्ष जारी हालांकि, मंडे टेस्ट आते ही 'सरफिरा' को झटका लगा और एक बार फिर कमाई गिर गई। 6वें दिन भी बिजनेस रहा निराशाजनक 'सरफिरा' ने सोमवार को सिर्फ 1.45 करोड़ कमाए। वहीं, मंगलवार को कलेक्शन 1.95 करोड़ रही। वहीं, शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, मंगलवार को फिल्म ने लगभग 2 करोड़ कमाए। इसके साथ रिलीज के 6 दिनों में 'सरफिरा' ने डोमेस्टिक बॉक्स ऑफिस पर 17.40 जुटा लिए है। मुश्किल होगा आने वाला वक्त बॉक्स ऑफिस पर 'सरफिरा' के बिजनेस को देखते हुए ये कहा जा सकता है कि फिल्म को दर्शकों से ज्यादा समर्थन नहीं मिल सका है। आने वाले दिनों में फिल्म की कमाई में और गिरावट की संभावना है, जो निर्माताओं और स्टार कास्ट के लिए चिंता का विषय है।

## बॉलीवुड में करने जा रही हैं डेब्यू सोशल मीडिया पर वायरल इस फोटो ने गर्म किया अटकलों का बाजार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के लेजेंड कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर की बेटी, सारा तेंदुलकर, इन दिनों



सोशल मीडिया पर चर्चा का केंद्र बनी हुई हैं। हाल ही में सारा का एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसने उनके बॉलीवुड डेब्यू की अफवाहों को हवा दे दी है। सारा तेंदुलकर अपने निजी जीवन को मीडिया से दूर रखती आई हैं, लेकिन इस वीडियो में ग्लैमरस अवतार में नजर आ रही हैं। सारा का ये वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे कयास लगाए जा रहे हैं कि सारा बॉलीवुड में कदम रखने की तैयारी कर रही हैं।सारा तेंदुलकर वीडियो में रॉयल ब्लू कलर की सैटन ड्रेस पहने हुए दिख रही हैं और बला की खूबसूरत लग रही हैं। उनके पीछे एक ग्रुप भी चलते हुए नजर आ रहा है, जो शायद उनकी टीम है। सारा तेंदुलकर का ये वीडियो मुंबई के पाली हिल एरिया का है। जहां वो एक वैन की तरफ जाते हुए नजर आईं, जो एक वैनिटी की तरह दिख रहा है। सारा के इस वीडियो पर कमेंट कर फैंस उनके एक्टिंग डेब्यू के कयास लगा रहे हैं। सारा तेंदुलकर को लेकर अब तक कई बार अफवाह उड़ चुकी है कि वो एक्टिंग की दुनिया में करियर में बनाना चाहती हैं। सोशल मीडिया पर वो पहले ही बेहद पॉपुलर हैं और मिलियंस में फैन फॉलोइंग रखती हैं। सारा तेंदुलकर के प्रोफेशन की बात करें, तो वो एक मॉडल है और सोशल मीडिया पर अक्सर अपने फोटोशूट की अपडेट शेयर करती हैं। सारा अब तक कुछ ब्रांड एंडोर्समेंट भी कर चुकी हैं। हालांकि, सचिन तेंदुलकर और उनकी फैमिली की ओर से अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। सारा ने भी इन अफवाहों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन, फैंस और मीडिया के बीच इस वीडियो ने सारा के बॉलीवुड डेब्यू की चर्चाओं को तेज कर दिया है।

## मैं कोई तनाव तो इस वजह से सोनाक्षी सिन्हा ने जहीर इकबाल संग शादी में नहीं किया था तामझाम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की जानी- मानी



अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने हाल ही में शादी के बंधन में बंधी हैं। एक्ट्रेस की वेडिंग सिंपल लेकिन दिलचस्प रही थी और उनके ग्रैंड रिसेप्शन ने सबका ध्यान खींचा। सोनाक्षी सिन्हा की शादी एक निजी समारोह में हुई, जिसमें केवल परिवार और करीबी दोस्तों ने ही शिरकत की। वहीं, अब सोनाक्षी सिन्हा ने लो प्रोफाइल शादी करने के पीछे की वजह बताई है। हीरामंडी के बाद सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म ककुड़ा को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। फिल्म के प्रमोशन के दौरान एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू दिया। जहां उन्होंने जहीर इकबाल संग अपनी शादी को लेकर भी बात की। सोनाक्षी और उनके पति जहीर इकबाल ने अपनी शादी को सादगी से करने का फैसला किया। उन्होंने इसे एक प्राइवेट फंक्शन रखा, जिसमें बहुत ही सीमित लोगों को बुलाया गया। वेडिंग को लेकर सोनाक्षी ने बॉलीवुड बबल के साथ बात करते हुए कहा, ठहम एक-दूसरे के साथ थे और ये कुछ ऐसा है जो हम इतने लंबे समय से करना चाहते थे, और हम बहुत क्लियर थे कि हम इसे कैसे करना चाहते हैं। हम इसे छोटा और अंतरंग बनाना चाहते थे। शादी वाले दिन के बारे में बताते हुए एक्ट्रेस ने आगे कहा, मैं कोई तनाव नहीं लेना चाहती थी, इसलिए मेरा घर खुला था। जब मैं अपने बाल और मेकअप करवा रही थी, तो हर कोई आ-जा रहा था। दोस्त घर में आराम कर रहे थे, सजावट चल रही थी, खाना तैयार हो रहा था। इसलिए, ये सचमुच एक खुले घर की तरह था और मैं चाहती थी कि मेरा सबसे खास दिन ऐसा ही हो। ये बहुत ही घरेलू और खूबसूरत लगा। ये एकदम सही था। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की शादी भले सिंपल थी, लेकिन उनका रिसेप्शन ग्रैंड और यादगार रहा। मुंबई के एक आलीशान होटल में आयोजित इस रिसेप्शन में बॉलीवुड की कई हस्तियों ने शिरकत की। इनमें सलमान खान, रेखा, सायरा बानो और हनी सिंह जैसी फेमस स्टार्स का नाम शामिल है।




# DURGAWATI INTERNATIONAL

School & College Meja, Prayagraj

(AFFILIATED TO NEW DELHI I.C.S.E. (AFFILIATION No. UP 481)

Good News Good News



READ LEAD SUCCEED

THE STUDENTS SCORING ABOVE 95% IN THE ENTRANCE EXAM ARE AWARDED WITH THE CONCESSION IN THE ENTIRE TUITION FEES OF THE WHOLE YEAR 2024-25 HURRY UP!!

HOSTEL FACILITY

- AC hostel facilities are available for. the boys from class 3rd onwards.
- Quality food
- Personal care
- 24/7 power backup
- Special tuition classes for hostelers
- Free health checkup per month.
- Infirmary faciliti is also available
- Well equipped laboratories and digital Library

पहले 50 छात्रों के प्रवेश शुल्क पर 100% की छूट

Admissions OPEN

PG to IX, XI

(AFFILIATED TO NEW DELHI ICSE (AFFILIATION No. UP 481)

SCHOOL FACILITIES

- Affordable fee & High-tech infrastructure.
- Spacious and colorful classrooms.
- Trained teachers from Kerala & Prayagraj.
- Free personality development.
- English spoken classes for each student.
- RO water and CCTV facilities.
- Pick and drop facilities with full safety.
- Trained PE Teacher along with
- Spacious playground

Manager
Dr. (Smt.) Swatantra Mishra
(Psychologist)



Email : www.disaldd@gmail.com Durgawati International School

Call For Any Enquiry 7505561664

Contact No.: 7081152877, 7652002511, 9415017879


## दीदी की रसोई ट्रस्ट ने जरूरतमंदों को बांटा निशुल्क भोजन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** दीदी की रसोई ट्रस्ट ने प्रतिदिन की तरह ही आज भी ट्रस्ट की अध्यक्ष रितु सिन्हा, कोषाध्यक्ष शर्मा ने बताया कि हमारी संस्था लगातार गरीब जरूरतमंद लोगों की सेवा में लगी रहती है और संस्था की ओर से अलग-अलग स्थानों



गंगेश्वर दत्त शर्मा के नेतृत्व में शिव नगरी सेक्टर- 17, नोएडा पर सैकड़ों गरीब जरूरतमंद लोगों/बच्चों को निशुल्क भोजन का वितरण किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष व समाजसेवीका रितु सिन्हा, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता गंगेश्वर दत्त पर प्रतिदिन गरीब जरूरतमंद लोगों, बच्चों को भोजन का वितरण किया जाता है और हमारा यह प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने शहर के सक्षम लोगों से इस नेक काम में मदद करने की अपील भी किया भोजन वितरण में ट्रस्ट की पदाधिकारी सविता देवी, बबीता, मंजू मेहरा आदि ने सहयोग किया।

## केन्द्रीय मंत्री ने मां विन्ध्यवासिनी देवी तीर्थ स्थल एवं जनपद के अन्य महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलो पर पर्यटन विकास के तहत 1961.44 लाख की लागत से कराये जाने वाले 06 परियोजनाओं का किया शिलान्यास

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मीरजापुर।** केन्द्रीय राज्यमंत्री स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा रासायनिक उर्वरक, भारत सरकार अनुप्रिया पटेल ने जनपद मीरजापुर के पर्यटन विकास हेतु मां विन्ध्यवासिनी देवी तीर्थ स्थल एवं जनपद के अन्य महत्वपूर्ण स्थलों के विकास हेतु पर्यटन विकास के तहत कराये जाने वाले 1961.44 लाख की लागत से कुल 06 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस अवसर पर सदस्य विधान परिषद श्याम नरायण सिंह उर्फ विनीत सिंह, विधायक छानबे रिंकी कोल, अध्यक्ष जिला पंचायत राजू कनौजिया, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद श्याम सुन्दर केसरी, जिला अध्यक्ष अपना दल एस इंजीनियर राम लौटन बिन्द के अलावा मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लिमिटेड निर्माण ईकाई के द्वारा कराए जा रहे कार्यो में 425.16 लाख की लागत से मां विन्ध्यवासिनी देवी तीर्थ स्थल से जुड़े पौराणिक



कथानक इत्यादि का आर्ट वर्क गैलरी के निर्माण का कार्य, 494.54 लाख की लागत से अष्टभुजा स्थित कालीखोह रोपवे पर पर्यटन अस्थापना सुविधाओं के कार्य, 198.76 लाख की लागत से विन्ध्याचल में स्थित दीवान घाट पर शौचालय एवं सांस्कृतिक संध्या एवं आरती मंच का निर्माण कार्य, 407.79 लाख की लागत से विन्ध्याचल में शौचालय के निर्माण कार्य, 77.90 लाख की लागत से चिन्दलिख गहरवार में हनुमान मन्दिर के सुन्दरीकरण एवं पर्यटन विकास का कार्य तथा 330.29 लाख की लागत से नरायनपुर में बैकुण्ठ महादेव स्थल के पर्यटन विकास का कार्य शामिल हैं जिसका शिलान्यास आज इलेक्ट्रिक बटन दबाकर केन्द्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल व उपस्थित अन्य जन प्रतिनिधि के द्वारा किया गया। शिलान्यास समारोह में उपस्थित जन समूह को सम्बोधित करते हुये केन्द्रीय राज्यमंत्री ने सबसे पहले केन्द्र सरकार में तीसरी बार प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाले सरकार बनाने व जनपद मीरजापुर में तीसरी बार सांसद के रूप में उन्हे चुनकर मीरजापुर के इतिहास बदलने का कार्य जनता ने किया है, इसके लिये उन्होने जनपद के सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुये धन्यवाद ज्ञापित किया। जनपद मीरजापुर विगत दस वर्षो में कराए गये विकास योजनाओं की जानकारी देते हुये केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि उनके द्वारा जनपद मीरजापुर के विकास के लिये बड़ी-बड़ी परियोजनाए लाकर कार्य कराए गए है, जिसमें मेडिकल कालेज, शिक्षा, सड़क सहित अनेक दिशा में कार्य कराए गए है, आगे भी प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में उनके द्वारा जनपद के चर्तुमुखी विकास के लिये निरंतर प्रयास किया जाता रहेगा। उन्होने कहा कि उसी दिशा में आज उत्तर प्रदेश पर्यटन विकास के द्वारा हमारे जनपद को बड़ी सौगात प्राप्त हुई हैं। 1961.44 लाख की धनराशि से विन्ध्याचल क्षेत्र व जनपद के अन्य महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों में अनेक विकास कार्य व सुन्दरीकरण के कार्य कराए जाएगें। उन्होने कहा कि विन्ध्याचल एक ऐसा प्रसिद्ध धार्मिक क्षेत्र है जहां पर देशभर श्रद्धालु बड़ी संख्या में विभिनन्त्यौहारो के अतिरिक्त अन्य दिनो में भी यहां पर आते है, भारी संख्या आने वाले श्रद्धालुओ की सुविधा के दृष्टिगत विन्ध्य क्षेत्र में पर्यटन से सम्बन्धित सुविधाए विकसित किया जा रहा है। उन्होने कहा कि केन्द्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार की यह सोच है कि धार्मिक पर्यटन के माध्यम से इस क्षेत्र की जो अर्थव्यवस्था व आर्थिक शक्ति को भी बढ़ावा देना है। उन्होने कहा कि अगर क्षेत्र में पर्यटन सम्बन्धी सुविधाओं का विकास करेंगे तो आने वाले दर्शनाथिर्यों की संख्या भी बढ़ेगी तथा स्थानीय स्तर पर छोटे-छोटे अनेक रोजगार भी बढ़ने की प्रबल सम्भावनाए हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।